संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज समूह संपादक : रवि भारद्वाज देहरादून, शुक्रवार, 03 नवंबर 2023 ₹ 1 www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 294 पृष्ठः 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

धुंध की चादर में लिपटा दिल्ली एनसीआर।

ऋण प्रोसेसिंग में अब और देरी नहीं...
आज ही अकाउंट एग्रीगेटर के साथ
पंजीकरण करवाएँ और ऋणदाताओं के साथ
अपनी वित्तीय जानकारी सुरक्षित तरीके से साझा करें!

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/aa पर जाएं
फीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in
G20
आरबीआई कहता है...
जानकार बनिए, सतर्क रहिए!

फास्ट न्यूज

'महुआ मोइत्रा से पूछे अनैतिक सवाल'

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा मामले में संसद की आचार समिति के सामने पेश हुईं। सुबह के वक्त संसद पहुंची महुआ मोइत्रा दोपहर बाद अचानक बैठक बीच में छोड़ बाहर आ गईं।

उन्होंने आचार समिति पर व्यक्तिगत और अनैतिक सवाल पूछने के आरोप लगाए हैं। इस दौरान उनके साथ बीएसपी सांसद दानिश अली भी मौजूद थे।

अनैतिक सवाल पूछने के आरोप: विपक्षी सदस्यों और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के हंगामे के बावजूद संसद की आचार समिति ने विचार-विमर्श जारी रखा है। बैठक से वॉकआउट कर बाहर निकले कांग्रेस सांसद और पैनल के सदस्य एन उत्तम कुमार रेड्डी कहा कि उन्हें आचार समिति के अध्यक्ष द्वारा टीएमसी सांसद से पूछे गए सवाल अशोभनीय और अनैतिक लगे।

बैठक के तरीकों पर भी सवाल: आचार समिति के विपक्षी सदस्यों ने बैठक आयोजित करने के तरीकों पर भी सवाल उठाए हैं। मामले में विपक्ष के विरोध के बाद भी समिति ने विचार-विमर्श जारी रखा है। इससे पहले आज दिन में टीएमसी सांसद ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को निराधार बताया था। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि यह आरोप वकील जय अनंत देहाद्राई ने बदले की भावना से लगाए हैं।

दक्षिण भारत देश का सांस्कृतिक किला: राजनाथ सिंह

बंगलूरू: बंगलूरू में 'इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो-2023' के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'अगर दिल्ली राजनीतिक राजधानी है, तो बंगलूरू देश की टेक्नोलॉजी की राजधानी है।' उन्होंने कहा कि अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण आक्रमणकारियों के लिए दक्षिण भारत काफी दूर रहा है। रक्षा मंत्री के अनुसार, उत्तर भारत ने सीधे आक्रमणकारियों का सामना किया। आक्रमणकारियों ने उत्तरी भारत में हमारी संस्कृति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन दक्षिणी भारत आक्रमणकारियों से कम प्रभावित हुआ।

'हरियाणा से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद को खत्म किया'

आयुष्मान भारत- चिरायु योजना में 14 लाख नए परिवार जुड़े, अब लगभग 40 लाख अंत्योदय परिवार आयुष्मान भारत- चिरायु योजना का उठा सकेंगे लाभ, हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड का भी किया शुभारंभ, बोर्ड अंत्योदय परिवारों के लिए बनी योजनाओं की निगरानी के साथ नई योजनाएं भी बनाएगा

शाह की मोहर

8 हरियाणा प्रदेश को पिछले 9 वर्षों में 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई है: शाह

टीम एक्शन इंडिया/राजकुमार प्रिंस

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पिछले 9 वर्षों में अन्तोदय की भावना से निस्वार्थ भाव से जनसेवा करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद व क्षेत्रवाद की राजनीति को खत्म किया है। विकास कार्यों के लिए केन्द्र सरकार की ओर से हरियाणा प्रदेश को पिछले 9 वर्षों में 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई है जबकि इससे पहले कांग्रेस के 10 सालों के कार्यकाल में केवल 40 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई।

अमित शाह हरियाणा गठन के 57 वर्ष पूरे होने पर दानवीर कर्ण की नगरी करनाल में आयोजित अन्तोदय महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विशाल जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

हरियाणा की पावन धरती को प्रणाम करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा किसानों व वीरों की भूमि है। यहां पर किसान देश का अन्न भंडारण भरता है तो वहीं जवान सीमाओं की रक्षा करता है।

कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल में राम मंदिर के निर्माण को वर्षों तक लटकाये रखा। हरियाणा की जनता ने बीजेपी के पक्ष में दूसरी बार जनाधार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता सौंपी और अब वे 22 जनवरी 2024 में अयोध्या में राम मंदिर का शुभारंभ करने जा रहे है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे आज हरियाणा द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ उठाते हुए 22 जनवरी को इस भव्य कार्यक्रम के गवाह बने।

अमित शाह ने कहा कि केन्द्र व हरियाणा की बीजेपी सरकार ने देश व प्रदेश दोनों को गत 9 वर्षों में विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

श्री अनिल विज
माननीय गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा
की गरिमामयी उपस्थिति
वीरवार, 2 नवम्बर, 2023

कांग्रेस का हाथ अपने ही परिवारों के साथः शाह

श्री अमित शाह | श्री मनोहर लाल
2 नवम्बर 2023 | करनाल

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि कांग्रेस कट, कमीशन और क्रप्शन वाली पार्टी है। कांग्रेस का हाथ गरीब के साथ नहीं बल्कि अपने ही परिवारों के साथ है। दूसरी तरफ मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में देश के विकास को नया आयाम देकर राजनीति की परिभाषा को बदला है। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह हरियाणा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुरुवार को करनाल में आयोजित अन्त्योदय महासम्मेलन में प्रदेशभर से आए सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अमित शाह ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना, हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड योजना, आयुष्मान भारत चिरायु योजना में 14 लाख परिवारों को जोडने, मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना तथा हरियाणा अंत्योदय योजना परिवहन योजना का शुभारंभ भी किया।

इससे हरियाणा के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने देश व प्रदेश की जनता के साथ विश्वासघात किया है। देश के निजी स्वार्थों की पूर्ति करने वाले 27 राजनीतिक दलों ने मिलकर आईएनडीआईए का गठन किया है।

शाह ने मुख्यमंत्री के कार्यों पर लगाई मोहर

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पीठ थपथपाते हुए अमित शाह ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी सरकार ने बडा परिवर्तन लाते हुए हरियाणा को एक विकसित राज्य बनाने का काम किया। हरियाणा जैसे प्रदेश से भ्रष्टाचार को समाप्त करना, कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखना एक कठिन चुनौती थी जिसे मनोहर लाल ने बखूबी तरीके से पूरा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी हरियाणा व देश का विकास नहीं कर सकती और कांग्रेस के कार्यकाल में तो देश सुरक्षित भी नहीं था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सेवाओं को आधुनिक बनाया और साथ ही सीमा पर सैनिकों को अच्छे और आधुनिक हथियार से लैस करवाया है। वन रैंक वन पेंशन जवानों की लम्बे समय से चली आ रही जवानों की मांग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 व 35 ए को 5 अगस्त 2019 को हटवाने का कार्य किया।

साथ ही पुलवामा हमले के बाद 10 दिनों में सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान को उनके घर में घुसकर सबक सिखाया। उन्होंने इस भारी जनसमूह में लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले केन्द्र व हरियाणा विधानसभा के चुनावों में फिर से सभी सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के हाथ मजबूत करें। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, राज्यसभा सांसद व हरियाणा बीजेपी प्रभारी बिप्लब देब, हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा, मुद्रण एवं लेखन सामग्री राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह, मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विधायक, अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे

अंत्योदय परिवार परिवहन योजना का हुआ शुभारंभ

केंद्रीय गृह मंत्री ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत सालाना 1 लाख रुपये से कम आय वाले अंत्योदय परिवारों, जिनके 3 से अधिक सदस्य हैं, के हर सदस्य को हरियाणा रोडवेज की बसों में प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक नि:शुल्क यात्रा करने की सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना: केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना में उन अंत्योदय परिवारों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो ऋण लेकर मिनी डेरी खोलना चाहते हैं। ऐसे परिवार जब मिल्क युनियन में दूध बेचेंगे तो उन्हें एक साल तक दूध पर सहकारिता यूनियन के मूल्य से प्रति लीटर 10 रुपये ज्यादा दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का भी शुभारंभ किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया नई योजनाओं का शुभारंभ

हरियाणा सरकार द्वारा अंत्योदय उत्थान के लिए चलाई जा रही अनेक कल्याणकारी योजनाओं में एक और नया अध्याय जुड़ गया, जब केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में अंत्योदय उत्थान के लिए हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई नई योजनाओं का शुभारंभ किया।

हरियाणा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला करनाल में आज आयोजित अंत्योदय महासम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 5 नई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया।

आयुष्मान भारत- चिरायु योजना में 14 लाख नए परिवार जुड़े: हरियाणा में डबल इंजन की सरकार द्वारा नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में अथक प्रयास कर रही है। केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में हरियाणा के 15 लाख परिवारों को 5 लाख रुपये का वार्षिक इलाज मुफ्त मिलता है। साथ ही हरियाणा सरकार की चिरायु योजना से अब तक लगभग 11 लाख परिवारों को यह लाभ मिल रहा है। आज केंद्रीय गृह मंत्री ने इस योजना में राज्य के 14 लाख नए परिवारों को इस योजना में जोड़ा है। अब केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजना को मिलाकर हरियाणा के लगभग 40 लाख अंत्योदय परिवार आयुष्मान भारत- चिरायु योजना का लाभ उठा सकेंगे। इसके अतिरिक्त 1.80 लाख से 3 लाख रुपये वार्षिक आय वाले लगभग 38 हजार परिवारों को भी इस योजना में शामिल किया है।

हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड: अमित शाह ने हरियाणा में अंत्योदय परिवारों की आय बढ़ाने के लिए हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड का शुभारंभ किया। यह बोर्ड अंत्योदय परिवारों के लिए अभी तक राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की निगरानी व समीक्षा करेगा।

चुनावी सरगर्मी

दिल्ली में जब तक कांग्रेस की सरकार रही तब तक उसने यहां की भाजपा सरकार के साथ दुश्मनी निकाली

विकास और कांग्रेस एक साथ नहीं रह सकतेः पीएम मोदी

साधा निशाना

8 भाजपा करेगी तेंदूपत्ता बेचने वालों की बेहतर व्यवस्था, देगी पारिश्रमिक एवं बोनस: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

टीम एक्शन इंडिया/कांकेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर बस्तर कांकेर की धरती से कांग्रेस की सभी गारंटियों को ध्वस्त करते हुए यह गारंटी दी कि जिन्होंने छत्तीसगढ़ को लूटा है वे कितने भी ताकतवर क्यों न हों, बच नहीं पाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बन रही है। मैं भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण का न्यौता देने आया हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी योद्धाओं को नमन करते हुए स्थानीय भाषा में जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन की आंधी चल रही है।

भाजपा की संकल्प रैली में शामिल होने का मुझे सौभाग्य मिला है। भाजपा का संकल्प छत्तीसगढ़ को देश के शीर्ष राज्यों में लाने का है। कांग्रेस और विकास में 36 का आंकड़ा है। जहां कांग्रेस रहेगी, वहां विकास नहीं रह सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने नारा देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने भरी हुंकार, अबकी बार भाजपा सरकार। उन्होंने कहा कि कल ही छत्तीसगढ़ ने अपना स्थापना दिवस मनाया। छत्तीसगढ़ के लोगों और भाजपा ने साथ मिलकर छत्तीसगढ़ का निर्माण किया। जब तक दिल्ली में कांग्रेस की सरकार रही, यहां की भाजपा सरकार से दुश्मनी निकालती रही। छत्तीसगढ़ 25 साल का होने वाला है। परिवार में बेटे बेटियों के जीवन में भी यह 25 साल बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह चुनाव सिर्फ विधायक मंत्री या मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं है। आपके भविष्य, आपके बच्चों के भविष्य, का फैसला करने वाला चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि 5 वर्षों में कांग्रेस नेताओं का विकास हुआ है। कांग्रेस के नेताओं के बच्चों और रिश्तेदारों को ही फायदा हुआ है। बस्तर के गरीब दलित पिछड़े आदिवासी परिवारों को क्या मिला? कुछ भी नहीं मिला। छत्तीसगढ़ के लोगों को कांग्रेस ने टूटी-फूटी सड़कें दीं। बीमार स्कूल अस्पताल दिए हैं।

इन्वेस्टर्स समिट: 94 हजार करोड़ के हुए एमओयू

करार

8 लगभग 24 हजार करोड़ के निवेश पर करार के साथ अब तक लगभग 94 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर करार हुए

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून

उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट दिसम्बर के लिए अब तक लगभग 94 हजार करोड़ के एमओयू पर करार हुआ है। समिट के तहत लंदन, बर्मिंघम, दिल्ली, दुबई और अबू धाबी के साथ चेन्नई, बेंगलुरु और अहमदाबाद में विभिन्न रोड शो आयोजित किये गए हैं। सरकार देहरादून में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स समिट के लिए प्राप्त सभी करारों को धरातल पर उतारने का काम करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अहमदाबाद में आयोजित रोड शो में प्रतिभाग करने के पश्चात नई दिल्ली पहुंचे। वहां पर पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत पहले लंदन, बर्मिंघम, दिल्ली, दुबई और अबू धाबी के साथ चेन्नई, बेंगलुरु और अहमदाबाद में विभिन्न निवेशक समूहों के साथ बैठकें हुई हैं, जिसमें पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, फार्मा, कृषि, एग्री, ऊर्जा, लॉजिस्टिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं हॉस्पिटैलिटी आदि के क्षेत्र में निवेशकों से काफी करार हुए हैं। निवेशक उत्तराखंड में निवेश के प्रति काफी आकर्षित है। अभी अहमदाबाद में 50 से अधिक उद्योग समूहों के साथ आयोजित बैठक के बाद लगभग 24 हजार करोड़ के निवेश पर करार के साथ अब तक लगभग 94 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर करार हो चुके हैं।

डीएम ने की विधायकों के प्रस्तावित एवं संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा

समीक्षा

8 जिलाधिकारी ने कहा कि विधायकों ने जनहित में जो भी योजनाएं रखी है उनको तेजी से पूरा किया जाए।

गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया
जिलाधिकारी चमोली ने जनपद में विधायकों की ओर से प्रस्तावित व्यापक महत्व एवं जनहित में संचालित महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से विधायकों ने जनहित में जो योजनाएं रखी है, उनको गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने निर्देशित किया कि सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए तेजी से कार्य करें। सड़क निर्माण के लिए विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रस्तावों का शीघ्र निराकरण किया जाए। आपदा में क्षतिग्रस्त विद्युत एवं पेयजल लाइन को ठीक कराते हुए सभी क्षेत्रों में नियमित विद्युत एवं पेयजल सप्लाई सुनिश्चित की जाए और नई योजनाओं के प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध करें। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को जनपद के सभी विद्यालय भवनों की स्थिति का पूरा सर्वे करने और आपदा में क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की मरम्मत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसकी एसडीएम के माध्यम से इसकी जांच भी कराई जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सीएससी से समन्वय करते हुए पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाए और अस्पतालों में आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से विधायकों ने जनहित में जो भी योजनाएं रखी है उनको तेजी से पूरा किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. एलएन मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी आदि मौजूद थे।

विद्यालय पहुंचने पर विजेता टीम का स्वागत

सराहना

8 कुलपति ने खिलाड़ियों की खेल कुशलता एवं विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
हार-जीत में अन्तर समझने वाला खिलाडी, जीवन की विषम और जटिल स्थितियों में समभाव रहता है। व्यवहार की नकारात्मकता खिलाड़ी के मन-मस्तिष्क पर हावी नहीं रहती। आदर्श जीवन की यही सीख मानव को महामानव बनाती है। यह उद्गार गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अम्बुज कुमार शर्मा ने इन्टर यूनिवर्सिटी चैम्पियन बनकर लौटी क्रिकेट टीम के सम्मान अवसर पर व्यक्त किये। आरआईटी,रूडकी द्वारा आयोजित इन्टर यूनिवर्सिटी स्पोटेक चैम्पियनशिप 2023 की क्रिकेट चैम्पियशिप मे गुरुकुल कांगडी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विजेता ट्राफी तथा नकद पारितोषिक 25 हजार का पुरस्कार प्राप्त किया है।

कुलपति प्रो. अम्बुज कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों की खेल कुशलता एवं विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो. विवेक कुमार ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहाकि खिलाड़ी कभी राग-द्वेष अथवा संकीर्ण मानसिकता वाला नहीं हो सकता। अनुशासन की प्रतिमूर्ति एक खिलाड़ी के रूप में देखी जा सकती है। उल्लास एवं उमंग के वातावरण में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्रों ने विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम का जोरदार स्वागत एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

10 लाख से अधिक की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए लक्सर पुलिस ने दस लाख से अधिक की स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

मुखबिर की सूचना पर लक्सर पुलिस ने लक्सर रायसी रोड पर खण्डजा गांव के समीप बिजोपुरा तिराहे के पास से एक आरोपित को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 110 ग्राम स्मैक बरामद हुई। साथ ही पुलिस ने इलेक्ट्रानिक तराजू एवं नकदी भी बरामद की। बाजार में पकड़ी गई स्मैक की कीमत दस लाख से अधिक बतायी गई है।

केंद्रीय पंचायत राज्यमंत्री कपिल और सांसद मनोज ने किए बदरी-केदार के दर्शन

जयघोष

8 मंदिर दर्शन के पश्चात मंत्री कपिल और सांसद मनोज तीर्थयात्रियों से मिले और बाबा का जयघोष किया।

गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया
केंद्रीय पंचायत राज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने गुरुवार को सपरिवार भगवान बदरी-केदार के दर्शन किये उनके साथ मुंबई सांसद मनोज कोटक भी धामों के दर्शन और पूजन कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि पंचायत राज्य मंत्री कपिल पाटिल आज देहरादून से पहले श्री केदारनाथ धाम पहुंचे और मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर दर्शन के पश्चात मंत्री कपिल और सांसद मनोज तीतीर्थयात्रियों से मिले और भोले बाबा का जयघोष भी किया। मंदिर समिति कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने उनका स्वागत कर भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर धमार्चार्य ओंकार शुक्ला, प्रदीप सेमवाल, लोकेंद्र रिवाड़ी, कुलदीप धर्म्वाण ललित त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। इसके बाद राज्यमंत्री कपिल पाटिल श्री बदरीनाथ धाम पहुंचे जहां हेलीपेड पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने उनकी अगुवानी की और मंदिर पहुंचने पर स्वागत किया। श्री बदरीनाथ मंदिर में दर्शन पश्चात उनको भगवान बदरीविशाल का प्रसाद एवं अंगवस्त्र भेंट किया। पंचायतराज राज्य मंत्री को श्री बदरीश पंचायत के बारे में बताया गया तो उन्होंने कहा कि सनातन देवसंस्कृति में पंचायत की व्यवस्था युगों-युगों से विद्यमान है। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नगर पंचायत ईओ सुनील पुरोहित, बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, एसआई योगेन्द्र बिष्ट आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

सोल घाटी की सड़कें बंद होने से किसानों का आलू और चौलाई नहीं पहुंच रहा बाजार

गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया
चमोली जिले के थराली विकासखंड की सोल पट्टी (सोलह गांवों का क्षेत्र) के गांवों का आलू और चौलाई सड़कें बंद होने के कारण खेतों खलिहानों में ही पड़ा हुआ है, जिससे क्षेत्र के काश्तकार परेशान हैं। काश्तकारों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क नही खुल पाई तो उनकी साल भर की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

रतगांव के ग्राम पंचायत महिपाल सिंह ने बताया कि डुंगरी-रतगांव को जोड़ने वाली सड़क गत 13 जुलाई से अवरुद्ध पड़ी हैं, जिससे गांव तक वाहनों का आना जाना बंद है। इससे यहां के किसानों का हजारों टन आलू और चौलाई बाजार तक नहीं पहुंच पा रहा है। रतगांव के ही किसान इन्द्र सिंह, नारायण सिंह, अमर सिंह ने बताया सोल घाटी में किसानों का हजारों टन आलू और चौलाई सड़क के बंद होने से खेतों में पड़ा है, जो अब खराब होने की स्थिति तक आ गया है।

उनका कहना है कि किसानों की आर्थिकी का मुख्य जरिया नकदी फसल आलू और चौलाई ही है। इसे बेचकर ही यहां का किसान अपनी वर्ष भर की रोजी-रोटी चलता है। इस वर्ष समय पर वर्षा होने से दोनों फसलें भी अच्छी हुई हैं। उन्होंने बताया कि नवम्बर माह तक ही यहां के आलू का मंडी में भी अच्छा दाम मिल जाता है। नवम्बर अंतिम सप्ताह तक बाजारों में पंजाब का आलू आ जाता है, तब आलू का दाम भी प्रभावित हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सड़क नही खुली तो किसानों का लाखों रुपयों का नुकसान होगा।

क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि ?

बंद पड़ी सड़कों को खोलने के लिए कई बार लोनिवि थराली और प्रशासन से लिखित और मौखिक रूप में गुहार लगा चुके है। पर अभी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। रतगांव के ग्राम प्रधान कहते हैं रतगांव की ही आबादी तीन हजार से अधिक है।

-महिपाल सिंह, ग्राम प्रधान रतगांव।

क्या कहते हैं अधिकारी?

सड़क खोलने के लिए मशीन भेजी गई थी,लेकिन पास ही बुरसोल के ग्रामीणों ने आपत्ति जताते हुए मशीन वापस कर दी है। स्थिति से प्रशासन को अवगत करा दिया है,प्रशासन के माध्यम से सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

-लोनिवि थराली के अधिशासी अभियंता दिनेश गुप्ता, अधिशासी अभियंता, लोनिवि थराली।

चन्द्रयान-3 की ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
चन्द्रयान-3 की उपलब्धि देश के स्वाभिमान एवं दृढ़ इच्छा शक्ति का परिणाम है। चन्द्रयान मिशन की उपलब्धि सम्पूर्ण विश्व को आश्चर्य चकित करके भारत के पराक्रम एवं युवाओं की वैज्ञानिक क्षमताओं का जीवन्त प्रमाण है। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के प्रशिक्षु अध्यापकों ने चन्द्रयान-3 की ऑनलाइन प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर देश की इस उपलब्धि को जश्न के रूप में मनाया।

किसानों की आय में वृद्धि को काम करें अधिकारी : डीएम

नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया
जिला स्तरीय रबी कृषक महोत्सव 2023 कार्यक्रम का डीएम ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारम्भ किया। इसके बाद डीएम ने विभिन्न ब्लाकों के लिए कृषि रथों को रवाना करते हुए विभागीय स्टालों का निरीक्षण करते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सभी विभाग कमर कस कर काम करें।

गुरुवार को बहुउद्देशीय भवन में रबी कृषक महोत्सव में कृषि विभाग एवं सम्बंधित रेखीय विभागों के अधिकारियों को डीएम मयूर दीक्षित निर्देश दिये कि जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से आये कृषकों को उत्पादन बढ़ाने को उन्नत बीज, यंत्र, दवाइयां, पशुओं का टीकाकरण एवं उपचार आदि की समस्त जानकारी देने के साथ ही सुविधाएं उपलब्ध करायें। साथ ही प्रत्येक न्याय पंचायत में गोष्ठियों के माध्यम से अन्तिम छोर तक महोत्सव का क्रियान्वयन कर जानकारी व सुविधाएं देने का काम विभाग करें।

डीएम ने कृषकों से कहा कि कृषि, उद्यानीकरण, पशुपालन से संबंधित जो भी समस्याएं एवं सुझाव हैं। उन्हें उच्चाधिकारियों से साझा कर समाधान निकालें। इस मौके पर कृषि अधिकारियों ने बताया कि रबी कृषक महोत्सव 2023 के तहत 2 से आगामी 8 नवंबर तक सभी 9 विकासखंडों में 13 रथों को रवाना किया गया है। जिनके माध्यम से 75 न्याय पंचायतों में गोष्ठियां आयोजित कर कृषि से जुड़े विभिन्न विभागों में कृषि, उद्यान, रेशम, पशुपालन, डेयरी विकास, मत्स्य विकास, मण्डी, जड़ी बूटी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, समाज कल्याण व उरेडा की विभिन्न योजनाओं कि जानकारी कृषकों को दी जायेगी।कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का मौके ही समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर सीडीओ मनीष कुमार, बीडीओ चम्बा आशिमा गोयल , ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार सुनीता देवी, प्रतापनगर प्रदीप रमोला, चम्बा शिवानी बिष्ट, भिलंगना वासुमति घणाता, डीडीओ सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

चट्टान से गिरे पेड़ की चपेट में आने से दुकानदार की मौत

गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया
गौरीकुंड और केदारनाथ पैदल मार्ग पर गुरुवार तड़के चट्टान से बांझ का पेड़ टूटकर गिरने से 58 वर्षीय दुकानदार की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दुकानदार का बेटा घायल घायल हो गया। उसका इलाज चल रहा है।

गौरीकुंड- केदारनाथ पैदल मार्ग पर हुए हादसे की जानकारी आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने दी। उन्होंने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर छोड़ी गधेरा के समीप पैदल मार्ग के किनारे बिक्रम लाल पुत्र बूद्धी लाल निवासी वीरो देवल अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग चाय पानी दुकान करते हैं।

आर्यन ने महासचिव पद पर माघवेंद्र को उतारा

ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया
आर्यन छात्र संगठन ने श्री देव सुमन विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश में आगामी 7 नवंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव 2023- 24 के लिए महासचिव पद पर माघवेंद्र मिश्रा उर्फ शिवम को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। यह घोषणा गुरुवार को आर्यन छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल डबराल ने करते हुए कहा कि छात्र संग्शठन प्रदेश में सभी स्थानों पर छात्रों के हित में कार्य करता रहा है। इसे देखते हुए संगठन ने ऋषिकेश श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय परिसर में भी छात्र संघ के महासचिव पद पर माघवेंद्र मिश्रा को उतारे जाने का सर्व समिति से निर्णय लिया है। इस अवसर पर संरक्षक लक्ष्मण सिंह ,नगर अध्यक्ष जय भारद्वाज, महासचिव यश राजपूत, चुनाव प्रभारी दीपक भारद्वाज, नगर मंत्री सिद्धार्थ सिंह के अलावा शैलेंद्र कुमार, दीपक वर्मा, शैलेंद्र बरथवाल, ललित शर्मा, निशांत बागड़ी भी मौजूद थे।

चोरी की योजना बनाते सपेरा गैंग के 04 सदस्य गिरफ्तार

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
चोरी की योजना बनाते सपेरा गैंग के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से आला नकब बरामद किया है।

बुधवार की देर रात्रि झबरेड़ा पुलिस को ग्राम अकबरपुर के पास स्थित आम के बगीचे में सपेरा गैंग के होने की सूचना मिली। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तत्काल आम के बगीचे की घेराबंदी कर चोरी की योजना बना रहे सपेरा गैंग के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पकडे.गये आरोपितों के कब्जे से खेतों में छिपाई गयी दो बाइक व चोरी, सेंधमारी करने के उद्देश्य से प्लास, पेंचकस, लोहे की रॉड, हथौड़ा आदि बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि बंद पड़े घरों व ज्वैलरी शॉप में चोरी, नकबजनी की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से झबरेड़ा में आए थे। उन्होंने बताया कि शनि दान मांगने की आड़े में वह घरों की रेकी किया करते थे। पकड़े गए आरोपितों के नाम व पते पपीशनाथ पुत्र चमनलाल, केशूनाथ पुत्र चरणनाथ, अतिशनाथ पुत्र चमननाथ, गंभीरनाथ पुत्र मितवानाथ निवासीगण सपेरा बस्ती भानियावाला देहरादून बताए गए हैं। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

नकली नोटों का लालच देकर आभूषण ठगने वाले दो शातिर गिरफ्तार

ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया
ऋषिकेश कोतवाली क्षेत्र में नकली नोटों की गड्डी का लालच देकर महिलाओं से आभूषणों की ठगी करने वाले गिरोह के 2 शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि एक अभियुक्त फरार हो गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक खुशीराम पांडे ने बताया कि पीड़िता हेमवती पत्नी सूर्यनारायण निवासी 14 बीघा ऋषिकेश के ने एक लिखित तहरीर में कहा कि वह त्रिवेणी घाट में किसी काम से गई थी, कि उनकी पहनी हुई गले की चेन व अंगूठी अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा साफ करने के लिए धोखाधड़ी से ले ली गई , जो उन्होंने मुझे वापस नहीं की। उन्होंने धोखाधड़ी कर मेरी चैन अंगूठी व कुछ पैसे लेकर मेरे सामान का गबन कर लिया। तहरीर के आधार पर कोतवाली ऋषिकेश में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश ने बताया कि गठित टीम ने जयराम आश्रम मोड हरिद्वार रोड के पास से दो अभियुक्तों को घटना से संबंधित माल सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वे लोग 6 सितंबर 2023 को दिल्ली से हरिद्वार आए जिनका एक तीसरा साथी रोहित जो कि हमारे पास चंचल पार्क दिल्ली का रहने वाला है।वे तीनों हरिद्वार के झारखंड धर्मशाला भूपतवाला हरिद्वार में रुके हैं। अगले दिन वे तीनों त्रिवेणी घाट ऋषिकेश पर आए एक महिला को उन्होंने नकली पैसों की गड्डी दिखाकर उस से एक चेन व एक अंगूठी और कुछ नकदी लेकर धोखाधड़ी से उसके सामान को लेकर रख लिया था। यह अंगूठी जो उनके पास से मिली है, यह उस महिला की अंगूठी है। इस घटना के अगले दिन हम तीनों देहरादून में घंटाघर से थोड़ा आगे चलकर एक महिला से इसी तरह हाथों की दो सोने की चूड़ियां ले ली थीं जो यह चूड़ी हमसे मिली है, उसी महिला की चूड़ी है। इसके बाद हम तीनों वापस दिल्ली चले गए थे।

इसके पश्चात अभियुक्तों की बताई गई घंटाघर देहरादून की घटना के संबंध में कोतवाली नगर देहरादून से संपर्क कर जानकारी ली गई तो कोतवाली नगर देहरादून में उक्त घटना से संबंधित अभियोग पंजीकृत है। घटना का खुलासा किया गया है। अभियुक्तों के अन्य साथी रोहित को उपरोक्त मामले में वांछित किया गया है जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेण्डर संख्या जिसके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेंडर संख्या	190-DRM-MB-23-24 Dt 19.10.2023
कार्य का नाम	Improvement and restoration of structural strength of overhead RCC tanks over Moradabad Division. Chargeable to estimate no 88/2023 (Rev).
टेन्डर क्लोजिंग दिनांक	28.11.2023
टेन्डर क्लोजिंग समय	16:00
अनुमानित लागत	58,95,456.56
धरोहर राशि	1,17,900.00
कार्य पूर्ण करने की अवधि	6 माह
बिडिंग आरम्भ तिथि	14.11.2023

टेन्डर न. DEN-IV/Publication/23 दिनांक 02.11.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3425/23

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

Tender No. Date	150-DRM-MB-23-24 dt. 01.11.2023	219-DRM-MB-23-24 dt. 01.11.2023
Name of Work	Safety related works of track maintenance other than Moradabad yard under ADEN/HQ/MB. (DE 191/2023)	Miscellaneous activities in connection with maintenance of bridges under ADEN/HQ/MB. DE No. 206/2023
Tender Closing Date / Time	27.11.2023	27.11.2023
Advertised Value (Rs.)	54,91,057.07	59,99,998.09
Earnest Money (Rs.)	1,09,800.00	1,20,000.00
Tender Cost (Rs.)	0.00	0.00
Bidding Start Date	13.11.2023	13.11.2023
Period of Completion	12 Months	06 Months

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 01.11.2023 3418/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

टिहरी पहुंचने पर राज्य मंत्री का भव्य स्वागत

-राज्य मंत्री ज्योति प्रसाद गैरोला बोले भाजपा हर चुनाव के लिए तैयार कोई चुनौती सामने नहीं

नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया
बीस सूत्रीय कार्यक्रम का उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) बनने के बाद पहली जनपद टिहरी गढ़वाल पहुंचने पर ज्योति प्रसाद गैरोला का जिला मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। जिला मुख्यालय ने राज्य मंत्री गैरोला ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं की बैठक ली।

गुरुवार को बीस सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला जनपद टिहरी गढ़वाल पहुंचे। इस दौरान गैरोला ढालवाला, नरेंद्रनगर, चंबा व जिला मुख्यालय नई टिहरी सहित विभिन्न स्थानों पर ढोल-नगाढ़ों के साथ फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यालय में पहुंचने पर उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकताओं की बैठक लेते हुए कहा कि भाजपा को अंतिम छोर तक व्यक्ति तक पैठ बनानी है। मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपना जोर लगाना है। उन्होंने कहा कि देश में पीएम मोदी के नेतृत्व में जहां देश नये आयाम स्थापित कर रहा है, वहीं प्रदेश का विकास भी पीएम मोदी व सीएम धामी के प्रयासों से तेजी से हो रहा है। आना वाला दशक उत्तराखंड का होगा। उत्तराखंड देश का सबसे उन्नत राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।
गैरोला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं है। भाजपा का कार्यकर्ता 24बीसों घंटे काम कर रहा है। भाजपा के कार्यक्रमों का यह प्रभाव है कि चुनाव में कोई टक्कर नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा की बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रदेश में जनपद टिहरी गढ़वाल नंबर वन है। इसे ओर बेहतर करने के लिए समीक्षा कर ठोस कदम उठाए जायेंगे।
इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, महामंत्री राजेंद्र जुयाल, उदय रावत, शीशराम थपलियाल, विजय कठैत, प्रमुख सुनीता देवी, प्रमुख शिवानी, प्रमुख बसुमति घनाता, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, जगतंबा रतूड़ी, लीला मखलोगा, परमवीर पंवार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

युवती की सकुशल वापसी पर पंजाबी सभा ने पुलिसकर्मियों का किया अभिनंदन

लापता

8 पुलिस ने बिटिया को मध्य प्रदेश के एक मेडिटेशन कैंप से सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया

ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया
पंजाबी महासभा के सदस्य हर्ष कुमार चुग की पुत्री की सकुशल वापसी पर महासभा की ऋषिकेश इकाई ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाली प्रभारी के आर पांडेय व उनकी टीम का अभिनंदन किया। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के अध्यक्ष के के लांबा व महामंत्री प्रदीप कोहली ने बताया कि महासभा के सदस्य हर्ष कुमार चुग की पुत्री विगत माह को बिना कुछ बताये लापता हो गई थी जिसका तमाम कोशिशों के बाद जब उसका कुछ सुराग ना लगा तो कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस गठित टीम ने बिटिया को मध्य प्रदेश के एक मेडिटेशन कैंप से सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया था। उन्होंने कोतवालों प्रभारी के नेतृत्व में अपराध एवं आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ मित्र पुलिस की छवि के अनुरूप कार्य करने पर पुलिसकर्मियों की मुक्तकंठ से सराहना भी की। पुलिस की टीम का अभिनंदन करने वालों में हरीश धींगड़ा, नवल कपुर,हर्ष कुमार चुग,अजय कालड़ा, पंकज चावला,भारतेष चुग आदि शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

केरल के राज्यपाल ने उत्तराखंड के राज्यपाल से की भेंट

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से गुरुवार को राजभवन में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शिष्टाचार भेंट की।

साक्ष्यों के अभाव में दुष्कर्म का आरोपित दोषमुक्त

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया
न्यायालय ने साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के चलते दुष्कर्म के आरोपित को दोषमुक्त कर दिया।
अभियोजन पक्ष के अनुसार देहरादून में ऑटोमोबाइल प्रतिष्ठान में काम करने वाली एक युवती के प्रतिष्ठान में ईसी रोड निवासी विशाल सिंघल अपनी बाइक की सर्विसिंग के लिए आता था। उसी दौरान अप्रैल 2018 के आसपास दोनों के बीच दोस्ती हो गई। एक रोज विशाल युवती के कमरे में आता है और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता है। युवती इसका विरोध करती है और चीखती चिल्लाती है, जिस पर आरोपित युवक विशाल सिंघल उससे प्यार करने और शादी का वादा करता है। इस शादी पर एतराज करने के बाद युवक की मां और बहन राजी हो जाते हैं।
इसके बाद युवक कई बार शारीरिक संबंध बनाता है और दोनों घूमने भी जाते हैं।
हालांकि, कुछ समय बाद ही युवक के परिजन और स्वयं युवक शादी की बात से मुकर जाते हैं और युवती को धमकी भी दी जाती है। इसके बाद युवती 20 अगस्त 2018 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां प्रार्थना पत्र दिया और विशाल सिंघल पर बलात्कार का आरोप लगाती है, जिसमें कहा गया कि विशाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए हैं। युवक पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भी भेज दिया गया।
इस क्रम में पुलिस की ओर से मुकदमे में चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की गई। इस दौरान कोर्ट के समक्ष पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट, उनकी सहेली के बयान और पीड़िता के सीआरपीसी की धारा 164 के बयान आदि साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। कोर्ट ने सभी पक्षों के साक्ष्य, बयानों और तर्कों पर गौर किया।
बचाव पक्ष अधिवक्ता अमित तोमर द्वारा कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए बताया कि घटना के समय युवती की उम्र 30 साल है, जबकि जांच अधिकारी को उम्र 26 वर्ष बताई गई है साथ ही युवती के जिस कमरे में पहली बार जबरन शारीरिक संबंध बनाने, चीखने चिल्लाने की बात कही गई है, वह किराए का कमरा है और उससे सटे अन्य कमरों में दूसरे किराएदार भी रहते हैं। यह कैसे हो सकता है कि जोर जबरदस्ती के समय किसी ने भी उसकी आवाज नहीं सुनी। सिर्फ यही नहीं, इस घटना के बाद क्यों पीड़िता बार बार युवक से मिलती रही। इस अवधि में भी दोनों के बीच शारीरिक संबंध कायम होते रहे हैं। पीड़िता 20 अप्रैल 2020 को आरोपित विशाल सिंघल के विरुद्ध रेप की शिकायत दर्ज कराती है, जबकि इसी क्रम में आरोपित को जेल भेज दिया जाता है और उसके जमानत पर बाहर आने की स्थिति में वह आरोपित युवक से मुलाकात करती है। उसके साथ घूमने जाती है और दोनों साथ में युवती के जन्मदिन का केक काटते हैं।
लिहाजा, बात सिर्फ यह है कि दोनों के बीच रजामंदी के संबंध थे और बाद में किसी कारण विवाह की बात आगे न बढ़ पाने के कारण झूठी शिकायत दर्ज करा दी जाती है। बचाव पक्ष के अनुसार शिकायत दर्ज कराने से तीन दिन पहले युवक ने एसएसपी को एक प्रार्थना पत्र देकर आशंका व्यक्त की थी कि युवती उसे झूठे केस में फंसा सकती है।
युवती अपना भला-बुरा समझने में सक्षम है। पीड़िता की उम्र आरोपी से सात-आठ वर्ष अधिक है। ऐसे में संभव है कि आरोपित के परिजनों ने शादी पर एतराज किया हो। लेकिन, इसका आशय यह नहीं है कि युवक ने उसे झांसे में रखकर शारीरिक संबंध बनाए। न्यायालय में केस विचारण के दौरान बचाव पक्ष की दलीलें व साक्ष्यों के अभाव के चलते न्यायालय ने आरोपित को दोषमुक्त कर दिया।

हंस महाराज की जयंती परं जनकल्याण समारोह 4 व 5 को

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
योगीराज हंस महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में हंस ज्योति ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर, नई दिल्ली द्वारा हरिद्वार के ऋषिकुल कालेज मैदान में 4 व 5 नवम्बर को विशाल जनकल्याण समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 6 बजे से सायं 9 बजे तक चलेगा। हंस ज्योति ए यूनिट आफ कल्चरल सेंटर, नई दिल्ली के मीडिया प्रभारी बीके त्यागी ने बताया कि जनकल्याण समारोह में भोले महाराज, मंगला माता एवं देश के विभिन्न तीर्थों से आये संत-महात्मा आत्मकल्याणकारी प्रवचनों एवं भजनों से लोगों को लाभान्वित करेंगे।

शत्रु सम्पत्ति काबुल हाउस प्रशासन ने खाली कराया, कार्रवाई जारी

शत्रु संपत्ति

8 टीम शत्रु संपत्ति को खाली कराने के लिए दल बल सहित पहुंची तो लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया।

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया
ईसी रोड स्थित काबुल हाउस को गुरुवार को स्थानीय प्रशासन ने खाली करा लिया है। शत्रु संपत्तियों के संबंध में जिलाधिकारी डा. सोनिका के आदेश सुनाए जाने के बाद काबुल हाउस में रह रहे 16 परिवारों को नोटिस जारी कर इस संपत्ति को खाली करने को कहा गया था, लेकिन कुछ परिवारों ने अभी तक इस संपत्ति को खाली नहीं किया गया था, जिन्हें हटा दिया गया है।
आज प्रातःकाल जिले के आला अधिकारियों की टीम शत्रु संपत्ति को खाली कराने के लिए दल बल सहित पहुंची तो लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। यहां रहे रहे लोगों का कहना है कि वह यहां 100 साल से अपने परिवारों के साथ रह रहे हैं, 15 दिन का नोटिस देकर इस तरह उन्हें बेघर नहीं किया जा सकता है। प्रशासन ने उन्हें गलत तरीके से हटाया जा रहा है। उधर यहां रह रहे कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें 22 अक्टूबर को नोटिस दिया गया था और 2 नवंबर को उनके आवास जबरन खाली कराये जा रहे हैं। एक परिवार का तो यह भी कहना है कि उनके परिवार में 11 नवंबर को बेटी की शादी होनी है, जिसकी तैयारी में परिवार लगा हुआ था। शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, इसलिए प्रशासन को मानवीय आधार पर उन्हें बेटी की शादी तक यहां से हटने के लिए थोड़ा समय दिया जाना चाहिए था। ऐसे में अब वह अपने परिवार को लेकर कहां जाएं और वह किस तरह बेटी की शादी कर सकेंगे। कुछ लोग क्षेत्रीय विधायक व सरकार से भी अपील करते दिखे कि उन्हें थोड़ा सा और समय दिया जाए वह संपत्ति खाली करने से मना नहीं कर रहे हैं।
उधर सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह का कहना है कि उन्होंने 15 दिन पहले ही इन सभी परिवारों को नोटिस भेज कर आगाह कर दिया गया था। जो भी कार्रवाई की जा रही है, वह नियम कानून संवत तरीके से ही की जा रही है।
काबुल हाउस में 16 परिवार रह रहे हैं जो वाल्मीकि समाज के हैं। उल्लेखनीय है कि 1897 में काबुल के राजा मोहम्मद याकूब रजा यहां आकर बस गए थे जो 1947 में भारत पाक विभाजन के समय काबुल हाउस छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे।

अब पोखरी मेला 23 नवम्बर से होगा

गतिरोध समाप्त

8 व्यापारियों के साथ नगर पंचायत की ओर से की गई बैठक के बाद गतिरोध समाप्त हो गया है।

गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया
चमोली जिले के पोखरी में आयोजित होने वाला सात दिवसीय हिमवंत कवि चंद्रकुंवर सिंह बत्र्वाल की स्मृति में लगने वाला औद्योगिक, पर्यटन विकास मेला 23 नवम्बर से शुरू होगा। जिसको लेकर व्यापारियों के साथ नगर पंचायत की ओर से की गई बैठक के बाद गतिरोध समाप्त हो गया है।

गौरतलब है कि पोखरी में सात दिवसीय मेला छह नवम्बर से शुरू किये जाने की बात नगर पंचायत पोखरी की ओर से की जा रही थी, लेकिन व्यापारियों की ओर से इसका यह कह कर विरोध किया जा रहा था कि दीपावली का त्योहार आने वाला है ऐसे में उनके व्यापार पर इस मेले का विपरीत प्रभाव पड़ेगा तथा व्यापारियों को इससे काफी नुकसान झेलना पड़ सकता है। गत दिवस उपजिलाधिकारी पोखरी की ओर से भी व्यापारियों नगर पंचायत के साथ बैठक की गई। उसमें भी किसी प्रकार को कोई निर्ष्कष नहीं निकल पाया था। ऐसे में मेले को लेकर संशय बना हुआ था।

खेल मंत्री ने खिलाड़ियों से किया संवाद

हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया
खेल मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत चयनित खिलाड़ियों से संवाद किया।
गौरतलब है कि पूर्व में खेल विभाग ने योजना के तहत जिले भर के खिलाड़ियों का चयन किया था। खेल मंत्री आर्य गुरुवार को मिनी स्टेडियम पहुंची और यहां आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कोच किशोर समेत खेल विभाग के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

52 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए चारधाम के दर्शन

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया
उत्तराखंड में चारधाम यात्रा अपने समापन की ओर है, लेकिन यात्रियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। कल तक 52 लाख से अधिक श्रद्धालु और तीर्थयात्री चारधाम के दर्शन कर चुके हैं।
मंदिर समिति की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार उत्तराखंड चारधाम यात्रा वर्ष 2023 में श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि 27 अप्रैल से 1 नवंबर की रात्रि तक 17 लाख 20514 दर्शन को पहुंचे। एक नवंबर को ही 6250 यात्री बदरीधाम पहुंचे थे। शनिवार 18 नवंबर को बदरीनाथ के कपाट बंद हो जाएंगे। इसी तरह श्री केदारनाथ धाम में 25 अप्रैल से 1 नवंबर तक कुल तीर्थयात्री 18 लाख 98 हजार 161 पहुंचे जबकि एक नवंबर को 9228 यात्री पहुंचे। इनमें एक लाख 29 हजार 872 यात्री हेलीकाप्टर से पहुंचे।
केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार 15 नवंबर भैया दूज के दिन बंद हो जाएंगे।
इसी तरह श्री गंगोत्री धाम 22 अप्रैल से 1 नवंबर तक 8 लाख 90 हजार 441 यात्री पहुंचे। एक नवंबर को 2586 यात्री दर्शन को पहुंचे थे। श्री गंगोत्री के कपाट बंद 14 नवंबर अन्नकूट के दिन बंद हो जाएंगे। इसी प्रकार श्री यमुनोत्री धाम 22 अप्रैल से 1 नवंबर तक 7 लाख 27 हजार 359 यात्री दर्शन को पहुंचे 1 नवंबर को 2586 यात्री दर्शन करने पहुंचे थे। 15 नवंबर भैया दूज के दिन यहां के कपाट बंद हो जाएंगे। कुल योग की दृष्टि से से देखा जाए तो श्री बदरीनाथ-केदारनाथ पहुंचने वाले कुल तीर्थयात्रियों की संख्या 36 लाख 18 हजार 675 है जबकि इसी अवधि तक श्री गंगोत्री-यमुनोत्री पहुंचे तीर्थ यात्रियों की संख्या 16 लाख 13 हजार 991 है। 31 अक्टूबर शाम तक उत्तराखंड चारधाम पहुंचे तीर्थयात्रियों की संख्या 52 लाख 17 हजार 177 तक पहुंच गई थी। इसी प्रकार श्री हेमकुंड साहिब- लोकपाल तीर्थ के कपाट 20 मई को खुले थे और 11 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे बंद हो गये थे। उत्तराखंड पुलिस आंकड़ों के अनुसार यहां एक लाख 77 हजार 463 से अधिक श्रद्धालु पहुंचे।

मेरी माटी मेरा देश: कालेज पहुंचने पर छात्राओं का किया स्वागत

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
एसएमजेएन कॉलेज की तीन छात्राओं अर्शिका, अपराजिता, और शुभी कुर्ल को आज राष्ट्रीय स्तर के मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के पश्चात कालेज आगमन पर मां मनसा माता की चुनरी ओढ़ाकर व मिठाई खिलाकर प्राचार्य कार्यालय में स्वागत किया गया।

इस गौरवपूर्ण क्षण पर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने तीनों छात्राओं की प्रशंसा की और उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुनील बत्रा द्वारा छात्राओं के मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि देश के प्रति आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करना ही गर्व की बात है। छात्र अधिष्ठाता डॉ संजय कुमार माहेश्वरी ने भी इस मौके पर छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया। तीनों छात्राओं ने इस अवसर पर अपने अपने अनुभव सभी से साझा किये। तीनों छात्राओं ने पहले राज्य स्तर पर प्रतिभाग किया जिसमें अपराजिता ने स्वरचित कविता मेरी माटी मेरा देश को मुख्यमंत्री को भेंट किया।
दिल्ली पहुंचकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग किया वहां उनका स्वागत गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत द्वारा किया गया। तीनों छात्राओं ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा पांच प्रण की शपथ ग्रहण की।
इस मौके पर डॉ संजय कुमार माहेश्वरी, विनय थपलियाल, संदीप रावत, गौरव बंसल, वैभव बत्रा, पल्लवी राणा, मीनाक्षी शर्मा, एमसी पांडे, डॉ जेसी आर्य डॉ मनमोहन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

युवक की हत्या में पिता-पुत्र गिरफ्तार, 40 हजार के लिए किया कत्ल

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
बीते मंगलवार भेल क्षेत्र में हाथ पांव बंधे एक युवक की लाश मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया। युवक का हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उसका बिजनेस पार्टनर ही निकला। हत्यारोपित युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

मामले के अनुसार बीती 31 अक्टूबर की सुबह भेल क्षेत्र स्थित बाल मंदिर स्कूल के पीछे हाथ-पांव बंधा एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान अनिकेत साहू उर्फ चीकू निवासी शरीफ नगर मोहल्ला तेलियान कोतवाली ज्वालापुर के रूप में हुई। सूचना पर स्थानीय पुलिस, सीआईयू एवं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित कर शव को जिला चिकित्सालय भेज दिया। मामले में संदेह के आधार पर पुलिस ने मृतक के एक दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पकड़े गए आरोपित ने बताया कि मृतक उसके घर पर रुका, जहां उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद वह डर गया और उसकी लाश को यहां लाकर फेंक दिया, लेकिन पुलिस को आरोपित की कहानी पर विश्वास नहीं हुआ।तब तक मृतक के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट भी पुलिस को मिल चुकी थी, जिसमें मृतक चीकू की मौत दम घुटने से हुई। सख्ती से पूछताछ करने पर आखिरकार आरोपित युवक शुभम ने सब सच उगल दिया। आरोपित युवक ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने उसे पिछले साल बैंक में जमा करने के लिए 40 हजार रुपये दिए गए थे जो मृतक चीकू ने चुरा लिये थे। चोरी पकड़े जाने पर मृतक ने माफी मांगते हुए रुपये लौटाने की बात कही थी, लेकिन एक साल पूरा होने के बाद भी रुपये न लौटाने पर दोनों दोस्तों के बीच लगातार तनातनी और विवाद चल रहा था। इसी बीच आरोपी शुभम ने बात करने के बहाने घर बुलाकर मृतक अनिकेत की तार से गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद अभियुक्त शुभम ने अपने पिता राम अवतार की मदद से रात के अंधेरे में स्कूटी के जरिए शव को ग्राउंड में फेंक दिया।
मृतक के पिता राजेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपित पिता-पुत्र शुभम गौतम पुत्र राम अवतार व राम अवतार पुत्र स्व. लातू राम निवासी निवासी मौहल्ला तेलियान ज्वालापुर के खिलाफ हत्या करने व साक्ष्य छिपाने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

चमोली में हुआ कृषि महोत्सव का आगाज

गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया
कृषि महोत्सव रवि के अंतर्गत किसानों को उन्नत खेती की जानकारी देने के लिए गुरुवार को जिले की 39 न्याय पंचायतों के लिए छह कृषि रथों को रवाना किया गया।जिलाधिकारी हिमांशु खुराना एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. एलएन मिश्र ने जिला पंचायत परिसर से कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन कृषि रथों के माध्यम से जिले की सभी न्याय पंचायतों में दो से आठ नवम्बर तक कृषि गोष्ठियों का आयोजन कर किसानों को उन्नत बीज, खाद, कृषि यंत्र एवं नई तकनीकि की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने विभाग एवं किसानों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।

जिला पंचायत सभागार में गुरूवार को कृषि गोष्ठी का आयोजन कर कृषि महोत्सव रवि का उद्घाटन किया गया। जिसमें जनपद के प्रगतिशील किसानों को उन्नत खेती के बारे में जानकारियां दी गई। मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य ने कहा कि किसान हर प्रकार की खेती करने में सक्षम है परन्तु जानकारी के अभाव में उन्नत खेती की तकनीकी जानकारी से वंचित है। उन्होंने जिले के सभी प्रगतिशील किसानों से भी अपील की है कि वे न्याय पंचायतों में आयोजित किसान गोष्ठियों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें और कृषि महोत्सव के दौरान दी जा रही जानकारी का लाभ उठाए।

संपादकीय

दो शहरों नें साहित्य व संगीत के रूप में परचम लहराया

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर कोने में अगर कहीं उपलब्धियों की बात आती है तो वहां भारत का नाम जरूर सुनने को मिलता है, जिसका ग्राफ कुछ वर्षों से बढ़ता चला जा रहा है। साक्षात रूप से अभी हमने हांगझोऊ चीन एशियन गेम्स 2023 में 107 मेडल, भारत ने एशियन पैरा गेम्स 2023 को 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य सहित कुल 111 पदकों के साथ अब तक की सर्वश्रेष्ठ मेडल टैली के साथ समाप्त किया है। चंद्रयान 3, सूर्ययान, गगनयान,भारत विश्व नेता के रूप में परिभाषित, विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, विश्व बैंक द्वारा तारीफ, पिछले माह यूनेस्को द्वारा हेरिटेज साइट की नई लिस्ट में पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन व कर्नाटक के होयसेल के पवित्र मंदिर को समूह में शामिल कर संख्या 42 तक पहुंचना और अभी 1 नवंबर 2023 को मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध शहर ग्वालियर को संगीत का शहर और केरल के कोझीकोड को साहित्य का शहर के रूप में शामिल किया गया है, जो काबिले तारीफ है। दरअसल यूनेस्को ने इन दोनों शहरों सहित दुनियां के 55 शहरों को इस सूची में शामिल किया गया है। यूनेस्को की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक इन शहरों को अपने विकास, रणनीतियों के हिस्से के रूप में सांस्कृतिक और रचनात्मकता का उपयोग करने और मानव केंद्रित शहरी नियोजन में नवीन प्रथाओं को प्रदर्शित करने के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता के लिए इस सूची में शामिल किया गया है, जो प्रत्येक भारतवासी के लिए एक गौरव की बात है और इन दोनों शहरों की स्थानीय निकायों शासन प्रशासन व राज्य सरकारों को बहुत-बहुत बधाई हो। नए नामित 55 रचनात्मक शहरों को 1 से 5 जुलाई तक ब्रागा, पुर्तगाल में आयोजित होने वाले 2024 यूसीसीएन वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।सम्मेलन का विषय अगले दशक के लिए युवाओं को मेज पर लाना है। चूंकि भारत के इन दोनों शहरों को वैश्विक स्तर पर स्थान मिला है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संयुक्त राष्ट्र परिषद के यूनेस्को ने भारत के ग्वालियर को संगीत का शहर और कोझिकोड को साहित्य का शहर के रूप में नामित करना भारतवासियों के लिए गौरववित भरा पल है। साथियों बात अगर हम यूनेस्को की अधिकृत वेबसाइट पर घोषणा की करें तो, दुनियां की क्रिएटिव सिटीज की सूची में भारत के 2 शहर यूनेस्को ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी घोषणा की है। यूनेस्को की ओर से जारी बयान के मुताबिक इन नए शहरों को अपनी विकास रणनीतियों के हिस्से के रूप में संस्कृति और रचनात्मकता का उपयोग करने और मानव-केंद्रित शहरी नियोजन में नवीन प्रथाओं को प्रदर्शित करने के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता के लिए इस सूची में शामिल किया गया है। विश्व शहर दिवस (वर्ल्ड सिटी डे) पर यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अजोले द्वारा स्वीकृति के बाद 55 शहर रचनात्मक शहरो के नेटवर्क में शामिल हो गए। मध्य प्रदेश के ग्वालियर ने संगीत श्रेणी में इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई है। वहीं, केरल के कोझिकोड को साहित्य श्रेणी में इस सूची में शामिल किया गया है। साथियों बात अगर हम केंद्रीय संस्कृत मंत्री द्वारा सोशल मीडिया एक्स में दी गई जानकारी की करें तो, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यानी युनेस्को में भारत के दो शहरों ने परचम लहराया है।

फिर सामने आया फोन हैकिंग का जिन्न

रोहित माहेश्वरी

> ऐसे हमलों का पता लगा पाने के लिए हमें थ्रेट इंटेलिजेंस सिग्नल पर निर्भर रहना पड़ता है, जो कि कई बार परफेक्ट नहीं होते या अधूरे रहते हैं। ये संभव है कि एपल के कुछ थ्रेट नोटिफिकेशन फाल्स अलार्म हों या कुछ अटैक को डिटेक्ट न किया जा सके। हम ये जानकारी दे पाने में अक्षम हैं कि किन कारणों से हम थ्रेट नोटिफिकेशन जारी करते हैं, क्योंकि ऐसा करने से स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स अलर्ट हो जाएंगे और फिर वे अटैक करने के अपने तरीके ऐसे बदल लेंगे कि भविष्य में पकड़ में नहीं आ पाएंगे। एप्पल ने अपने बयान में यह स्पष्टीकरण भी दिया है कि खुफिया संकेतों के आधार पर ऐसे अलर्ट आते हैं, जो अधूरे और गलत भी साबित हो सकते हैं। कंपनी ने सरकार द्वारा प्रायोजित हमलावरों की बात तो की है, लेकिन किसी विशेष सरकार का खुलासा नहीं किया है

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा समेत विपक्ष के 8 से ज्यादा नेताओं ने 31 अक्टूबर को केंद्र सरकार पर फोन हैकिंग का आरोप लगाया है। मामले में आईटी मंत्रालय की पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी एपल को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुला सकती है। 31 अक्टूबर को महुआ मोइत्रा के अलावा कांग्रेस सांसद शशि थरूर, पवन खेड़ा, आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर आईफोन का अलर्ट मैसेज पोस्ट कर लिखा- सरकार उनके फोन और ईमेल को हैक करवाने की कोशिश कर रही है। कुछ घंटे बाद राहुल गांधी भी कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और कहा कि एपल की ओर से जो अलर्ट आया है, वो मेरे ऑफिस में सभी को मिला है। भाजपा की सरकार और उसका फाइनेंशियल सिस्टम इस मामले से सीधे जुड़ा हुआ है। इन नेताओं में केसी वेणुगोपाल, पवन खेड़ा, सीताराम येचुरी, प्रियंका चतुर्वेदी टीएस सिंह देव, महुआ मोइत्रा, राघव चड्ढा के नाम शामिल हैं। मामला सामने आने के बाद सियासी भूचाल आ गया और विपक्ष सरकार पर हमलावर हो गया। हालांकि, केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष के दावों को खारिज कर दिया. वैसे यह पहला मौका नहीं है, जब भारत में विपक्ष ने फोन टैपिंग के आरोप लगाए हों। इससे पहले भी कई बार फोन टैपिंग के मामले सामने आ चुके हैं। साल 2021 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी पर स्पाईवेयर पेगासस के जरिए जासूसी करने का आरोप लगाया था। एमनेस्टी इंटरनेशनल और फॉरबिडेन स्टोरीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली कंपनी एनएसओ के पेगासस सॉफ्टवेयर से भारत में कथित तौर पर 300 से ज्यादा हस्तियों के फोन हैक किए थे। इनमें राजनेताओं, पत्रकारों और कई पूर्व प्रोफेसरों के फोन शामिल थे। राज्यसभा सांसद अमर सिंह ने 2006 में यूपीए सरकार और सोनिया गांधी पर फोन टैपिंग का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था इंटेलीजेंस ब्यूरो उनका फोन टैप कर रही है। भाजपा ने मामले में जॉर्ज सोरोस फंडेड एक्सेस नाउ और आईफोन नोटिफिकेशन के बीच संबंध का संकेत दिया। बीजेपी आईटी विभाग प्रमुख अमित मालवीय मालवीय ने एक्स पर एक नेटिजन का पोस्ट किया गया थ्रेड भी शेयर किया। कहा कि यह एक दिलचस्प थ्रेड है जो जॉर्ज सोरोस फंडेड एक्सेस नाउ और ऐप्पल नोटिफिकेशन के बीच एक लिंक खींचता है। नोटिफिकेशन केवल विपक्षी नेताओं को मिला है। इसमें एक्सेस नाउ की भूमिका दिखाई देती है। मालवीय ने कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं है क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सब कुछ छोड़ कर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने दौड़ पड़े। मालवीय ने कहा यहां भयावह साजिश देखें। थ्रेड में एक्सेस नाउ के भारत में बनाए गए नेटवर्क की डिटेल भी है। भाजपा नेता ने एक्स पर लिखा कि यदि आप परियों की कहानियों में भरोसा करते हैं, तो क्या आप सोचेंगे कि यह सब कुछ संयोग है। असल में, बहुराष्ट्रीय कंपनी एप्पल ने विपक्ष के कुछ नेताओं को अलर्ट भेजा कि आपके आईफोन हैक किए जा सकते हैं। हमलावर आपके फोन के संवेदनशील डाटा, कैमरे और माइक्रोफोन आदि तक पहुंचने की कोशिश भी कर सकते हैं। एप्पल ने यह अलर्ट सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही नहीं भेजा, बल्कि ऐसे लोगों तक भी भेजा है, जो सार्वजनिक जीवन में नहीं हैं। कुछ पत्रकारों और स्कॉलर्स तक भी यह अलर्ट पहुंचा है। यह अलर्ट 150 देशों में भी भेजा गया है, जहां एप्पल के आईफोन इस्तेमाल किए जाते हैं। साफ मायने हैं कि यह चेतावनी वैश्विक है, लिहाजा विपक्षी नेताओं की चीखा-चिल्ली महज सियासत है। विवाद बढ़ने के बाद एपल ने कहा कि स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स को बढ़िया फंड मिलता है और वे बहुत सॉफिस्टिकेटेड तरीके से काम करते हैं। उनके अटैक भी समय के साथ बेहतर होते जाते हैं। ऐसे हमलों का पता लगा पाने के लिए हमें थ्रेट इंटेलिजेंस सिग्नल पर निर्भर रहना पड़ता है, जो कि कई बार परफेक्ट नहीं होते या अधूरे रहते हैं। ये संभव है कि एपल के कुछ थ्रेट नोटिफिकेशन फाल्स अलार्म हों या कुछ अटैक को डिटेक्ट न किया जा सके। हम ये जानकारी दे पाने में अक्षम हैं कि किन कारणों से हम थ्रेट नोटिफिकेशन जारी करते हैं, क्योंकि ऐसा करने से स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स अलर्ट हो जाएंगे और फिर वे अटैक करने के अपने तरीके ऐसे बदल लेंगे कि भविष्य में पकड़ में नहीं आ पाएंगे। एप्पल ने अपने बयान में यह स्पष्टीकरण भी दिया है कि खुफिया संकेतों के आधार पर ऐसे अलर्ट आते हैं, जो अधूरे और गलत भी साबित हो सकते हैं। कंपनी ने सरकार द्वारा प्रायोजित हमलावरों की बात तो की है, लेकिन किसी ह्वविशेष सरकारह्न का खुलासा नहीं किया है। एप्पल ने हैकिंग के ऐसे खतरों से निपटने वाले सिस्टम से इंकार किया है। कंपनी यह भी नहीं बता सकती कि अलर्ट किन हालात में देना पड़ा, क्योंकि यह जानकारी देने से हैकर्स उससे बचने के रास्ते खोज सकते हैं। यानी स्पष्ट है कि फोन हैकर्स चीन, पाकिस्तान या किसी अन्य देश के भी हो सकते हैं! एप्पल ने एक ही समय, एक ही साथ, विपक्षी नेताओं और 150 देशों को यह चेतावनी-संदेश भेजा है, लिहाजा संदेहास्पद और सवालिया लगता है। यदि हैकिंग हुई है या की जा रही है, तो वह अलग-अलग स्थान पर, अलग-अलग समय में की जानी चाहिए। फिर भी मान सकते हैं कि मोदी सरकार ने विपक्ष के कुछ नेताओं और प्रवक्ताओं के फोन हैक कराए हैं, लेकिन 150 देशों और अराजनीतिक चेहरों के फोन हैक कराने में सरकार के सरोकार क्या हो सकते हैं? उनसे हासिल क्या होगा? भारत में 2 करोड़ से अधिक लोग आईफोन का इस्तेमाल करते हैं और दुनिया भर में करीब 146 करोड़ उपयोगकर्ता हैं। क्या ये सभी मोदी सरकार के निशाने पर हैं अथवा सभी को अलर्ट भेजा गया था? एप्पल को इस संदर्भ में तमाम स्पष्टीकरण देने चाहिए। बहरहाल केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की घोषणानुसार जांच शुरू कर दी गई है। एप्पल भी जांच के दायरे में होगी। एप्पल से कथित ह्वराज्य-प्रायोजित हमलोंह्न पर वास्तविक और सटीक जानकारी मांगी गई है। इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम इसकी जांच कर तह तक जाने की कोशिश करेगी। मंत्री ने इसे भारत सरकार को बदनाम करने की साजिश और भटकाने वाली विपक्ष की राजनीति करार दिया है। ह्वफोन में सेंधमारीह्न कोई नया मुद्दा नहीं है। किसी की निजता और गोपनीयता पर हमला भी नहीं है। इजरायल से खरीदे गए जासूसी सॉफ्टवेयर की चर्चा एक बार फिर मुखर हो रही है। हालांकि सर्वोच्च अदालत की निगरानी में जो जांच कराई गई थी, उसमें कुछ भी ठोस सामने नहीं आया था। तब शीर्ष अदालत ने अपने-अपने फोन सरकार में जमा कराने का विकल्प भी दिया था, ताकि भीतरी जांच हो सके कि उसकी जासूसी कराई गई अथवा नहीं। तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपना फोन जमा नहीं कराया था। आज फिर पुराने, अपरिपक्व बयान दोहराए जा रहे हैं। सवाल तो यह है कि फोन हैकिंग के संदर्भ में अडाणी की भूमिका क्या हो सकती है? राहुल गांधी ने किसे ह्वतोताह्न कहा है? क्या कांग्रेस सरकारों के कार्यकालों में अडाणी व्यापार नहीं करते थे?

क्या उन्हें ठेके नहीं दिए गए? देश को ऐसे सवाल कांग्रेस नेता से पूछने चाहिए। दरअसल जिनके फोन में सेंधमारी के आरोप उछले हैं, उनमें अधिकतर चेहरे राजनीतिक तौर पर अप्रासंगिक हैं अथवा आरोपित हैं। मोदी सरकार को उनके फोन हैक कर हासिल क्या होगा? वे भाजपा को राजनीतिक चुनौती देने की स्थिति में भी नहीं हैं।

कविता

"दीवाली"

रौशनी बन के छाई दीवाली
मेरे घर मुस्कुराई दीवाली

आओ इस को दिलों में भर लें हम
जो उजाला है लाई दीवाली

हिज्र में यादों के दिये रख कर
अब के मैं ने जगाई दीवाली

जुल्म की तीरगी से गुजरे हैं
तब कहीं हम ने पाई दीवाली

कट गया मरहबा मेरा बनबास
आज मैं ने मनाई दीवाली

पैरहन उस का झिलमिलाता है
या के है जगमगाई दीवाली

प्यार की आग में जले थे जब
आज वो याद आई दीवाली

रखना रौशन मुझे युंही लोगो
दे रही है दुहाई दीवाली

शम्मे-उल्फत जलाएँ आओ हम
वस्ल की रुत है लाई दीवाली

जकी तारिक

ग्राहकों को लालच देकर लूटती हैं ई-कॉमर्स कंपनियां?

डॉ. रमेश ठाकुर

मौसम त्योहार का है जिसमें विभिन्न वस्तुओं का बाजार सजा है। ऐसे में ग्राहक घर बैठे सस्ता सामान खरीदे, इसे लेकर ई-कंपनियों ने जाल बिछाया हुआ। कंपनियां तरह-तरह के प्रोडक्ट्स में ऑफर देकर ग्राहकों को ललचा रही हैं। लेकिन यहां ग्राहकों को थोड़ा सावधान और सतर्क होना होगा। क्योंकि ऑनलाइन खरीददारी का मतलब ऑनलाइन ठगी भी हो गया है। समूचे भारत में इस वक्त ऑनलाइन ठगी का मुद्दा गमार्या हुआ है। ई-भुगतान के जरिए हमारा डाटा आसानी से चोरी हो रहा है। इंटरनेट से संचालित ई-कॉमर्स कंपनियां सस्ते और लुभावने लालच देकर धीरे-धीरे हमारे पारंपरिक बाजारों को कब्जाने की फिराक में हैं। करीब आधे से ज्यादा बाजार पर इन्होंने कब्जा कर भी लिया है। इंटरनेट की आड़ लेकर वस्तुओं और सेवाओं को खरीदने-बेचने में ई-कॉमर्स कंपनियों ने भारतीय उपभोक्ताओं पर ऐसी छाप छोड़ी है जिससे ग्राहक उनकी ओर खिंच रहे हैं। पर, अब ग्राहक सस्ते दामों का गणित समझने लगे हैं। ई-कॉमर्स कंपनियां सस्ते सौदे के नाम पर जमकर लूट मचा रही हैं।
भारत में मौसम त्योहारों का है इसलिए ये कंपनियां खूब एक्टिव हैं। ई-कॉमर्स क्षेत्र की दो अव्वल ऑनलाइन कंपनियां फ्लिपकार्ट और अमेजन ने ग्राहकों को लोक-लुभावने ऑफर दिए हुए हैं। ये ऑफर बाजार में उपलब्ध तकरीबन सभी वस्तुओं पर है जो बाजार कीमतों से कहीं सस्ते हैं। लेकिन इसके पीछे कंपनियों की चालाकी और धोखाधड़ी भी छिपी होती है, जो खरीददारी के वक्त ग्राहक समझ नहीं पाते। कंपनियां ग्राहकों को दो तरीकों से ठगती हैं। एक तो सस्ता ऑफर देकर रद्दी किस्म का माल देती हैं। दूसरा, ग्राहकों से पैसे डिजिटल तरीके से लेती हैं, यानी ऑनलाइन। जिससे कंपनियां उनकी निजता पर भी चुपके से प्रहार करती हैं। इससे ग्राहकों का डाटा आसानी से चोरी हो जाता है। कई बार तो ऐसा प्रतीत होता है कि ई-कॉमर्स कंपनियों और साइबर ठगों के बीच डाटा चोरी को लेकर सांठगांठ है। बहरहाल, ई-कॉमर्स कंपनियां ने अब और विस्तार कर लिया है। सिर्फ बेचने-खरीदने तक सीमित नहीं रहीं। ई-बैंकिंग, ई-शॉपिंग व ई-बिजनेस इत्यादि क्षेत्रों पर भी ई-कॉमर्स कंपनियों ने कब्जा कर लिया है। हालांकि इससे उत्पादकों एवं विक्रेताओं को वस्तुओं एवं सेवाओं के विश्वव्यापी बाजार जरूर मिले है। पर, व्यापारिक सूचनाओं के आदान-प्रदान और क्वालिटी में भारी कटौती भी हुई है। दुखद पहलू ये है कि ई- कॉमर्स क्षेत्र में अब धीरे-धीरे वृद्धि के साथ, ई-कॉमर्स कंपनियों में धोखाधड़ी का खतरा तेजी से बढ़ा है। समय की दरकार है कि इन कंपनियां पर अंकुश लगना चाहिए, वरना इनकी मनमानी और बढ़ेगी। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें बिना देर किए धोखाधड़ी करने वाली ऐसी कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। सरकारी और सामाजिक सतर्कता और सक्रियता नहीं हुई तो इनका खेल जारी रहेगा।

विचार

महाराष्ट्र में मराठा आंदोलन- अब तक ढाक के तीन पात

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन रुकने का नाम नहीं ले रहा। इस बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में सभी दलों के प्रमुख नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने मराठा आरक्षण की मांग को सही बताया है और इसके लिए काम करने की बात कही है। वहीं सर्वदलीय बैठक समाप्त होने के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सभी से शांति की अपील की है। साथ ही उन्होंने मराठा समुदाय को आरक्षण देने की बात कही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि सर्वदलीय बैठक में सभी लोगों ने मराठा आरक्षण को लेकर सहमति जताई । पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में मराठा समुदाय को आरक्षण देने पर सहमति जताई गई । उन्होंने कहा कि बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया है कि यह आरक्षण नियमों के तहत ही दिया जाएगा और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की । उन्होंने आमजन से सरकार का सहयोग करने की अपील की है। मनोज जरांगे पाटिल से उन्होंने अपील की है कि वह सरकार के प्रयासों पर विश्वास करें। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन को नई दिशा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलन करने का हक सभी को है,लेकिन इससे आम जनता को असुरक्षित नहीं महसूस होना चाहिए। गौरतलब है कि मराठा आरक्षण का मुद्दा बहुत पुराना और बहुत जटिल है। 42 साल पुराना ये मसला कुछ घंटों में सुलझ जाएगा इसकी उम्मीद करना ठीक नहीं है। एक नजर पूरी पृष्ठभूमि पर डालें तो महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर सबसे पहले 1981 में अन्नासाहेब पाटिल ने आंदोलन किया था, उसके बाद हर पार्टी ने मौके के हिसाब से इस पर सियासत की। इसकी बजह ये है कि महाराष्ट्र में मराठाओं की आबादी 33 प्रतिशत है। अब तक महाराष्ट्र के जो 21 मुख्यमंत्री हुए हैं, उनमें 12 मराठा हैं। एकनाथ शिन्दे मराठा हैं, उनकी सरकार में उपमुख्यमंत्री अजित पवार मराठा हैं। पूर्व कांग्रेस मुख्यमंत्री पृथ्वी राज चव्हाण भी मराठा हैं। 2014 में पृथ्वी राज चव्हाण ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अध्यादेश के जरिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठों को 16 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया लेकिन वो जानते थे कि मामला कोर्ट में अटकेगा। वही हुआ। चुनाव के बाद देवेन्द्र फड़नवीस की सरकार बनी। फड़नवीस ने एम जी गायकवाड़ की अध्यक्षता वाले पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के आधार पर मराठों को आरक्षण देने की मंजूरी दी। 2019 में बॉम्बे हाई कोर्ट ने इसे मंजूरी भी दे दी लेकिन मामला सुप्रीम कोर्ट में जाकर अटक गया। 2021 में जस्टिस अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने मराठा आरक्षण को रद्द कर दिया। इस बार सरकार की कोशिश है कि मराठा आरक्षण पूरी तैयारी के साथ लागू किया जाए। कोई भूलचूक न रहे, मामला फिर से सुप्रीम कोर्ट के सामने जाकर निरस्त न हो जाए, लेकिन अब फिर चुनाव सामने हैं। मुद्दा नाजुक है। मामले को फिर से गरम किया जा रहा है। आरक्षण जैसा सवाल नौकरी और रोजगार से जुड़ा है, इस पर आग लगाना आसान होता है और उसे बुझाना बहुत मुश्किल। यह भी महाराष्ट्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक तब बुलाई जब मराठा आंदोलन की चिंगारी शोलों में तब्दील हो चुकी थी । सोमवार को बीड, हिंगोली, ठाणे, मुंबई, धाराशिव समेत कई इलाकों में हिंसा भड़क उठी। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर आगजनी की, बसों पर पथराव किया। एनसीपी के दो विधायकों समेत कई नेताओं के घरों पर हमला किया, आग लगा दी। बीड में हालात बेकाबू होने के बाद शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया। बीड में सोमवार को दिन भर जमकर हिंसा हुई। भीड़ ने बीड में एनसीपी के दफ्तर को आग के हवाले कर दिया।
बाद भीड़ ने शरद पवार की पार्टी के विधायक संदीप क्षीरसागर का घर जला दिया। दिन में अजित पवार की पार्टी के विधायक प्रकाश सोलंके के घर को भी सैकड़ों आंदोलनकारियों ने आग के हवाले कर दिया। माजलगांव और वाडवानी में आरक्षण की मांग को लेकर सोमवार को बंद की कॉल दी गई थी, इसलिए ज्यादातर बाजार बंद रहे।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)
actionindiaddn@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

व्यंग्य

गौ माता की रक्षा में पॉलिथीन

सुरेश सौरभ

प्रिय भक्तों! आज मैं जो आप को ज्ञान देने जा रहा हूं, उसे बहुत ध्यान से सुनो। मैं जो कहना चाहता हूं, अगर मैंने आज वह नहीं कहा, तो इस देश का इतिहास मुझे कभी नहीं माफ करेगा। लेकिन मैं कुछ कहने से पहले आप जनता-जनार्दन से यह पूछना चाहता हूं कि जब इतनी गायें, पॉलिथीन खा-खा कर मर रही हैं तो क्या हमें पॉलिथीन बंद करनी चाहिए या नहीं करनी चाहिए। सामने बैठी, कुछ खड़ी जनता समवेत स्वर में- बिल्कुल बंद करनी चाहिए .... मित्रों, मैं जो कुछ भी कह हूं आप सब की भलाई के लिए ही कह रहा हूं। बहनों-भाइयों आप सभी लोगों मालूम है कि गौ माता के पावन शरीर में 33 करोड़ देवी-देवता निवास करते हैं और इन्हीं देवी-देवताओं के सहारे हम चल रहे हैं। आप चल रहे हैं। मैं तो कहता हूं, यह पूरा देश चल रहा है। पूरा विश्व चल रहा है। पूरा ब्रह्मांड चल रहा है। चल रहा है कि नहीं चल रहा है। सामने पब्लिक फिर एक स्वर में बिल्कुल चल रहा है... बिल्कुल चल रहा है.... तो मैं आप लोगों से एक बात और फिर पूछना चाहता हूं कि हमें गौ माता की रक्षा करनी चाहिए या नहीं करनी चाहिए। पब्लिक-बिल्कुल करनी चाहिए जोगी तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं। जोगी तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं। फिर जोगी बाबा खुश होकर अपनी छाती ठोक कर माइक पर दहाड़ते हैं- बस ! बस ! मैं आप लोगों की ऐसी ही देश भक्ति देखना चाहता हूं। जब मैं देश की खातिर जोगी बन सकता हूं । झोला उठाये उठाये घर-बार छोड़कर घाट-घाट घूम सकता हूं तो फिर आप की जिम्मेवारी भी बनतीं है कि इस पॉलिथीन को बिल्कुल अच्छी तरह से अछूत की तरह साफ कर दो। आप हमारा सहयोग करें। हम आपके साथ हैं। आइए! हम सब इस धरती माता की कसम खाएं कि इस पॉलिथीन का उपयोग बंद करके अपनी गौ माता की रक्षा करेंगे और अगर आप सब लोग हमारे साथ हैं तो अपने दोनों हाथों को उठाइए और जोर से कहिए-हमें धरती मां की सौगंध-सामने पब्लिक दोनों हाथ उठाकर दुहराती है - हमें धरती मां की सौगंध... जोगी- हम देश को बर्बाद होने नहीं देंगे? पब्लिक हम देश को बर्बाद होने नहीं देंगे। जोगी- हम देश की गो संपदा को बर्बाद होने नहीं देंगे। पब्लिक- हम देश की गो संपदा को बर्बाद होने नहीं देंगे। जोगी हम पॉलिथीन के राक्षस को मारकर गौ माता की रक्षा करेंगे। पब्लिक-हम पॉलिथीन के राक्षस को मारकर गौ माता की रक्षा करेंगे । मित्रों! आप सबको मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि गाय से ही, हम बाबाओं का यह देश चला रहा है। जब तक हमारी गौ माता सुरक्षित है, तब तक हमारी सरकार सुरक्षित है।

अरे ओ बब्बा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

दो साहित्यकार की रचनाओं का शेयर मार्केट ठंडा पड़ा था। पाठक उन्हें पूछ नहीं रहे थे। दोनों एक दूसरे से इसी मुद्दे पर बातचीत करते हैं। पहले साहित्यकार ने दूसरे से कहा - ऐसा है मित्र कि अब अपनी लेखनी में कुछ है नहीं किसी को देने के लिए, देख ही रहे हो कि हिन्दी का लेखक दो कौड़ी का नहीं रहा इस ह्वबे-चनाह्न जोर-बाजार में, जिम्मेदारियों के मैदान में दम टूटा सो उसकी क्या कहें, ऐसे में बाबा बन जाना अपुन का भी अधिकार है। जन्मसिद्ध है या नहीं इस पर बालगंगाधर तिलक के विचार अलग हो सकते हैं लेकिन अधिकार तो है। असफल और निराश लोग गुफाओं में घुस कर एक नई संभावना को जन्म देते रहे हैं। जानकार बताते हैं कि वस्त्र त्यागने की अपनी पुरानी फिलॉसफी है। आपत्तियों के बावजूद नंगों के नौ ग्रह आज भी वैधानिक रूप से बलवान होते हैं। अगर एक मौका नाचीज को भी मिले तो किसी को भला क्या दिक्कत हो सकती है। लोकतंत्र में सबको दांव मारने का अवसर होता है। अच्छी बात यह है कि सब ये बात जानते हैं और इसी का नाम राष्ट्रीय जागरुकता है। पहुँचे हुए साहित्यकारों से पता चलता है कि प्रतिस्पर्धा बहुत है और बाबालैण्ड चोर, उचक्कों, यहां तक कि हत्यारों से भी भर गया है, फिर भी आलसियों, मक्कारों के लिए कुछ जगह तो निकलती ही रही है। जबसे राजनीति में नाकाराओं के लिए स्थान और मौके बने हैं बाबाओं ने भी झन्नाट अंगड़ाइयां लेना शुरू कर दिया है। अपने यहां बारह साल में कूड़े-कचरे के दिन भी फिरने का रिवाज है तो बाबा होने को कब तक नजरअंदाज किया जा सकता था। सपना तो ये हैं कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब संसद में कामरेडों को छोड़ कर सब बाबा ही बाबा होंगे। चुन्नी भाई आप नाराज क्यों होते हो जी, सपना तो सपना है, दिखाने वाले दिखाते रहते हैं भले ही पूरा एक न हो।

इधर अबकी बार भी पांच-दस बाबा आ गए हैं अपने हठयोग से और छप्पन इंच की छाती पे मूंग जैसा कुछ दलने की जी तोड़ कोशिश में हैं। बावजूद इसके बाबाजियों को लग रहा है कि उन्होंने अभी तक देश के लिए कुछ किया नहीं सो कुछ करना चाहिए, लेकिन खुद ढंग का कुछ कर सकते तो बाबा बनने की नौबत क्यों आती।

न्यूज फ्लैश

आईसीआईसीआई बैंक ने ग्रेटर नोएडा में खोली एक और शाखा



ग्रेटर नोएडा। आईसीआईसीआई बैंक ने ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) में अपनी एक और शाखा स्थापित की है। यह शहर में बैंक की 53 वीं शाखा है। सेक्टर टेकजोन 4 में समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू में स्थित, शाखा में ग्राहकों को चौबीसों घंटे नकद जमा और निकासी सेवाएं प्रदान करने के लिए एक एटीएम और कैश रिसाइक्लर मशीन (सीआरएम) है। कॉर्डोर्वा पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री सईदुल इस्लाम शेरवानी और सर्वोत्तम इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. प्रियंका मेहता ने शाखा का उद्घाटन किया। शाखा खातों की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करती है, जिसमें बचत और चालू खाते, व्यापार और विदेशी मुद्रा सेवाएं, सावधि और आवर्ती जमा, ऋण– व्यवसाय ऋण, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, ऑटो ऋण और स्वर्ण ऋण – साथ ही रेमिटेन्स और कार्ड सेवाएं शामिल हैं। यह अपने परिसर में लॉकर सुविधा भी प्रदान करती है। यह शाखा सोमवार से शुक्रवार और महीने के पहले, तीसरे और पांचवें शनिवार को सुबह 9:30 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संचालित होती है। बैंक का उत्तर प्रदेश में लगभग 360 शाखाओं और 1280 एटीएम का नेटवर्क है।

आस्क ऑटोमोटिव लिमिटेड का आईपीओ 7 नवंबर, 2023 को खुलेगा

नोएडा। आस्क ऑटोमोटिव लिमिटेड ("आस्क" या "कंपनी"), मंगलवार, 7 नवंबर 2023 को इक्विटी शेयरों के आईपीओ के अपना निविदा/प्रस्ताव खोलेगा।

एंकर निवेशक बोली की तारीख सोमवार, 06 नवंबर, 2023 होगी। सब्सक्रिप्शन के लिए बोली/प्रस्ताव मंगलवार, 07 नवंबर, 2023 को खुलेगा और गुरुवार, 09 नवंबर, 2023 को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड 268 से 282 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 53 इक्विटी शेयर और उसके बाद 53 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। 2 अंकित मूल्य के 29,571,390 इक्विटी शेयरों तक की कुल पेशकश में, कुलदीप सिंह राठी के 20,699,973 इक्विटी शेयर और विजय राठी ("प्रमोटर विक्रेता शेयरधारक") के 8,871,417 इक्विटी शेयर ("बिक्री के लिए प्रस्ताव" या "प्रस्ताव") शामिल हैं।

यह इक्विटी शेयर 30 अक्टूबर, 2023 को कंपनी के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, दिल्ली और हरियाणा, नई दिल्ली ("आरएचपी") के पास दायर किए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जा रहे हैं और बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध किए जाने हेतु प्रस्तावित हैं। यह पेशकश प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) नियम, 1957 के नियम 19(2)(बी) के अनुसार की जा रही है, जिसे संशोधित ("एससीआरआर"), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इश्यू ऑफ कैपिटल एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) विनियम, 2018, यथासंशोधित ("सेबी आईसीडीआर विनियम") के विनियमन 31 के साथ पढ़ा जाए। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 6(1) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें योग्य संस्थागत खरीदारों ("क्यूआईबी") को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए 50% से अधिक ऑफर उपलब्ध नहीं होगा। ("क्यूआईबी भाग"), बशर्ते कि हमारी कंपनी और प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक, बीआरएलएम के परामर्श से, क्यूआईबी हिस्से का 60% तक एंकर निवेशकों को आवंटित कर सकते हैं और इस तरह के आवंटन का आधार विवेकाधीन आधार पर होगा। हमारी कंपनी और प्रमोटर सेबी आईसीडीआर विनियम ("एंकर निवेशक भाग") के अनुसार, बीआरएलएम के परामर्श से शेयरधारकों को बेच रहे हैं, जिनमें से एक तिहाई घरेलू म्यूचुअल फंड के लिए आरक्षित होगा, जो कि वैध बोलियां प्राप्त होने के अधीन है। घरेलू म्युचुअल फंड उस कीमत पर या उससे ऊपर जिस पर एंकर निवेशकों को आवंटन किया जाता है ("एंकर निवेशक आवंटन मूल्य")।

ग्रोकॉम्स ने नए फंडिंग राउंड में जेएसडब्ल्यू वेंचर्स और अराली वेंचर्स से 3.5 मिलियन डॉलर की पूंजी जुटाई

गुरुग्राम। देश की अग्रणी स्पाइस टेक कंपनी ग्रोकॉम्स ने जेएसडब्ल्यू वेंचर्स और अराली वेंचर्स से 3.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पूंजी जुटाई है। मौजूदा निवेशक इन्फोएज वेंचर्स ने भी पूंजी जुटाने के इस राउंड में हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा जुटाई गई इस पूंजी का इस्तेमाल प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो और टेक्नोलॉजी स्टैक को मजबूत करने में किया जाएगा। इससे निर्यात और मूल्यवर्धित मसालों के लिए ट्रैसेबिलिटी को सक्षम बनाने में क्षमताओं का निर्माण किया जाएगा। जेएसडब्ल्यू वेंचर्स और अराली वेंचर्स दोनों के लिए यह एग्रीटेक क्षेत्र में पहला निवेश है। ग्रोकॉम्स के को-फाउंडर और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर, जॉर्ज कुरियन ने कहा, ग्रोकॉम्स का स्पाइस वैल्यू चेन को बेहतर बनाने का एकदम स्पष्ट उद्देश्य है। इसके लिए उत्पादन क्षमता को अधिकतम लाभ उठाया जाएगा, किसानों के सशक्तिकरण करने के साथ ही डिजिटल माध्यमों के जरिए वैश्विक बाजारों में ट्रेसेबल मसालों की आपूर्ति की जाएगी। एक जैसी सोच वाले निवेशकों के साथ साझेदारी और निवेश से ग्रोकॉम्स को निश्चित रूप से दुनिया भर में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी और कंपनी समूची वैल्यू चेन के जरिए अपनी दक्षताओं को बढ़ाएगी। ग्रोकॉम्स में अपने निवेश के बारे में जेएसडब्ल्यू वेंचर्स के मैनेजिंग पार्टनर सचिन टागरा ने कहा, ग्रोकॉम्स का फुल स्टैक दृष्टिकोण तकनीक आधारित हस्तक्षेप की मदद से पूरी मसाला मूल्य श्रृंखला का प्रबंधन करना है ताकि सभी हितधारकों को फायदा पहुंचाया जा सके। संगठन की वजह से किसानों की आमदनी में भी इजाफा होगा। उद्योग का यह संगठन किसानों के स्तर पर लाभ में बढ़ोतरी करने के लिए सीधे नेतृत्व करेगा। यह निवेश इस व्यवसाय में सबसे आगे ट्रैसेबिलिटी समाधानों के साथ मसालों के क्षेत्र में मौजूद अवसर का लाभ उठाने की ग्रोकॉम की क्षमता को और बढ़ाएगा।

उप्र की 277 सड़कों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार, 63 जिलों में प्रक्रिया शुरू

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने नागरिक सुविधाओं में इजाफा व आर्थिक तरक्की को लक्षित कर प्रदेश के मार्गों के मेकओवर की कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत प्रदेश के 63 से ज्यादा जिलों की कुल 277 सड़कों के कायाकल्प की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आंकड़ों के अनुसार, इस वृहद लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 319.73 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत स्वीकृत की गई है जिसके जरिए प्रत्येक मार्ग पर 40 लाख रुपये के औसत व्यय होने का अनुमान है। योगी सरकार के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इन विशेष मरम्मत कार्यों को पूर्ण करने के प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पहली किस्त के तौर पर 63.94 करोड़ रुपये हुए जारीः राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के अनुसार मार्गों के मेकओवर व विशेष मरम्मत के लिए प्रावधानित 319.73 करोड़ रुपये के सापेक्ष पहली किस्त के तौर पर प्रदेश सरकार द्वारा 63.94 करोड़ रुपये की धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए जारी कर दिया गया है। इस स्वीकृति से मरम्मत कार्यों की पूर्ति में तेजी आएगी और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश के जिन 63 जिलों के चिह्नित मार्गों के दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया की शुरूआत हुई है, उनमें से कई मार्ग ऐसे हैं जिन पर काफी समय से मरम्मत कार्य नहीं हुए थे। साथ ही, ग्रामीण इलाकों को जिलों के मुख्य मार्गों से जोड़ने वाली कई सड़कों को मरम्मत की इस प्रक्रिया के जरिए मूर्त रूप दिया जाएगा। इसके अलावा, राष्ट्रीय मार्ग, संपर्क मार्ग, बॉर्डर मार्ग व राजमार्गों को भी इन विशेष मरम्मत कार्यों के लिए चिह्नित मार्गों में सम्मिलित करते हुए उनके भी दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के 63 जिलों में इन मरम्मत कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता (विकास) व विभागाध्यक्ष इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और उत्तर प्रदेश शासन के रूलबुक मुताबिक पूर्ण किए जाएंगे।

रोहतक की टीम ने झज्जर की टीम को एक रन से हराया

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

नारनौल। एमआर स्कूल में हरियाणा खेल विभाग द्वारा 56वीं हरियाणा राज्यस्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरूवार से किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ गांव के सरपंच रतनपाल सिंह, हरपाल चौहान व स्कूल चेयरमैन सीयाराम ने किया। मुख्य अतिथियों का तिलक लगाकर व फूलों की के साथ स्वागत किया गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। गांव के सरपंच रतनपाल सिंह व संस्था के चेयरमैन सियाराम यादव ने मुख्य अतिथि व अतिथिगण एवं खिलाडिों का हार्दिक अभिनंदन किया। नीरपुर राजपूत में बिना प्रशासन की मदद से तैयार किया गया। क्रिकेट खेल मैदान में राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में राज्य के 28 जिलो से 22 जिलों व राई स्पोट्स की टीमें भाग ले रही हैं। महेन्द्रगढ की टीम 62 रन पर ही सिमट गइ। 40 रनों से महेन्द्रगढ़ की टीम हार गई। नीरपुर राजपूत में झज्जर व रोहतक की टीम में रोचक मुकाबला में रोहतक की टीम एक रन से जीत गई। फतेहाबाद व अंबाला की टीम में मुकाबला होगा। एमआर स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता जल्द हो इसके लिए स्कूल के अलाव नीरपुर गांव के खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियगिता करवाई गई।

निफ्टेम तैयार करेगा गोरखपुर के स्कूली बच्चों के लिए श्रीअन्न युक्त मीड-डे-मील

टीम एक्शन इंडिया/राई।

राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के स्कूली बच्चों के लिए श्रीअन्न युक्त मीड-डे-मील तैयार करेगा। इसके लिए संस्थान ने अक्षय पात्र फाउंडेशन और हार्वेस्ट प्लस के साथ मिलकर परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। इस परियोजना के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय, गोरखपुर के बच्चों के लिए मिड-डे मील में बायोफोर्टिफाइड गेहूं और बाजरा को समाहित किया गया है। यह परियोजना स्कूली बच्चों को आवश्यक पौष्टिक तत्व प्रदान करने, कुपोषण को मिटाने और देश में पोषक क्रांति लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। निफ्टेम के निदेशक डा. हरिंदर ओबरॉय ने कहा कि यह कदम भारत की बढ़ती आबादी के लिए एक मील का पत्थर है, जो उच्च गुणवत्ता वाले भोजन तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करती है।

खाते से निकाली हजारों रुपये की नकदी, मुकदमा दर्ज

सोनीपतः बहालगढ़ थाना क्षेत्र में युवक के खाते से हजारों रुपये की नकदी निकालने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।

गांव पलड़ी निवासी दीपक कुमार ने बताया कि उसने अपना खाता एसबीआई बहालगढ़ बैंक शाखा में खोल रखा है। गत 13 अक्टूबर को देर शाम उसके खाते से नकदी निकलने का संदेश मिला। जबकि उसकी तरफ से किसी प्रकार की राशि को नहीं निकाला गया था। मामले की जांच की तो खाते से 4700 रुपपये की राशि को निकाला गया है।

कनीना में प्रतिबंधित नस्ल के कुत्ते खुलेआम घूम रहे हैं, लोगों ने की लगाम लगाने की कोशिश

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल

सरकार द्वारा प्रतिबंधित कुत्ते पालने को लेकर कस्बा किसी से पीछे नहीं है। यहां के प्रबुद्ध भाई समाजसेवी लोगों ने बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न नस्लों पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। जिनको पालने के लिए सरकार से लाइसेंस लेना पड़ता है। उसे तरह की नस्ल के कुत्ते कस्बे में पाल जा रहे हैं जो आते-जाते लोगों के लिए किसी खतरे से काम नहीं है, लेकिन जब कोई आदमी उनके मालिकों को कहता है कि अपने कुत्तों को बंद के रखा करो तो यह मालिक उसको बढे की बजाय बताने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट के लिए उतारू हो जाते हैं। जिससे परेशान होकर लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि प्रतिबंधित नस्ल के कुत्तों को रखने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि जान माल की हानि से बचाया जा सके। वहीं कुछ लोगों ने यह भी बताया यह कुत्ते सरेआम गलियों में खुले घूमते रहते हैं तथा वहीं पर बच्चे भी खेलते हैं और बड़े भी इन गलियों से निकलते हैं तो यह उन पर टूट पड़ते हैं। जिसके कारण कस्बे में कई लोग इनके शिकार होकर घायल हो चुके हैं। समाजसेवी व प्रबुद्ध जन लोगों ने जिला प्रशासन से मांग कर प्रतिबंधित नस्ल के खूंखार कुत्तों को रखने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

'बैंक्वेट हॉल मालिक को नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एनओसी जारी कर दी'

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन

सेक्टर 11-12 स्थित एंजेल प्राइम मॉल में अवैध तरीके से चल रहे बैंक्विट हॉल की गलत तरीके से एनओसी जारी करने के मामले को लेकर पूर्व जिला पार्षद जोगेंद्र स्वामी ने मुख्यमंत्री हरियाणा, डॉ.कमल गुप्ता मंत्री अर्बन लोकल बॉडी एवं फायर विभाग महानिदेशक फायर इमरजेंसी विभाग हरियाणा, महानिदेशक विजिलेंस हरियाणा और एसपी विजिलेंस करनाल को भेजी शिकायत में आरोप लगाते हुए कहा कि एफएसओ अश्विनी कौशिक और बैंकट हॉल मालिक ने मिलीभगत कर सभी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एनओसी जारी कर दी। जिसमें उन्होंने हजारों गज में बने बैंकट हॉल में लोगों की सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार की सेफ्टी पॉइंट का ध्यान नहीं दिया गया और इस माल की कोई एनओसी जारी नहीं की जबकि 6.7 साल से विवादों में चल रहे इस माल की बेसमेंट में चल रहे नवकार बैंकट हॉल की अधिकारियों द्वारा विवादित तरीके से एनओसी तक जारी कर दी। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 2018 में नवकार बैंक्विट हॉल और एंजेल मॉल में किए गए अन्य अतिक्रमण को लेकर माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की हुई है। जिसमें द्वारा न्यायालय को गुमराह करने पर हुडा विभाग पर 50 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया था। वहीं य उच्च न्यायालय द्वारा अधिकारियों को दिए जा रहे कठोर आदेशों से खलबली में आए बैंकट हॉल मालिक द्वारा 1 अगस्त 2023 को आनन फानन में फायर ऑफिसर अश्विनी कौशिक के साथ मिलीभगत करके एनओसी जारी करवा ली गई जबकि इस बैंक्विट हॉल पर 2016-17 से ही विवाद चल रहा है। इससे पूर्व किसी भी अधिकारी द्वारा इस बैंक्विट हॉल को कोई एनओसी जारी नहीं की गई अब यह केवल माननीय उच्च न्यायालय को गुमराह करने का एक षड्यंत्र बैंक्विट हॉल मालिक और फायर विभाग के अधिकारियों द्वारा रचा गया है। इस प्रकार की एनओसी देना अधिकारियों का भ्रष्टाचार में संलिप्त होना दशार्ता है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि इस मामले में तत्काल प्रभाव से ऐसे अधिकारियों को बर्खास्त कर आपराधिक मामला दर्ज किया जाए और जारी की गई एनओसी को रद्द करने के आदेश दिये जाएं।

बीजीआर 34, संतुलित आहार और रोज की सैर 14 दिन में करेगी मधुमेह कंट्रोल: अध्ययन

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

बीजीआर 34, संतुलित आहार और रोज की सैर से महज 14 दिन में मधुमेह को नियंत्रित किया जा सकता है। यह जानकारी एक चिकित्सा अध्ययन में सामने आई है जिसे पटना के सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज के शोधकर्ताओं ने पूरा किया है। इंटरनेशनल आयुर्वेदिक मेडिकल जर्नल (आईएएमजे) में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकताओं ने कहा है कि भारत में मधुमेह रोगियों की संख्या करोड़ों में है जिन्हें लेकर यह परिणाम काफी अहम हैं। हालांकि इसे लेकर व्यापक अध्ययन किए जाने की जरूरत है ताकि मधुमेह के प्रबंधन में औषधियों व जीवनशैली में बदलाव के जरिए नियंत्रण पाने की राह खुल सके।

अध्ययन के अनुसार, कॉलेज के सहायक प्रोफेसर प्रभाष चंद्र पाठक के नेतृत्व में टीम ने मधुमेह के उच्च स्तर से ग्रस्त मरीजों का 14 दिनों तक अपनी निगरानी में उपचार किया। इस दौरान बीजीआर-34, आरोग्यवर्धिनी वटी, चंद्रप्रभा वटी और कोलेस्ट्रॉल कम करने की दवा एवं अन्य संबंधित दवाएं शामिल थीं जिन्हें रोजाना दो बार दिया गया। इतना ही नहीं, रोगी को प्रतिदिन एक घंटे की सैर और खानपान में बदलाव भी किया जिससे परिणाम यह मिला कि भर्ती के समय मरीज का शर्करा स्तर 254 से घटकर 124 एमजी/डीएल रह गया। हालांकि उपचार को आगे बढ़ाते हुए 14 दिन बाद प्रोटोकॉल में बदलाव कर एक माह और निगरानी भी की गई जिसके चलते परिणाम और बेहतर पाए गए।

दरअसल बीजीआर-34 में शामिल दारुहरिद्रा, गिलोय, विजयसार, गुड़मार, मेथी एवं मजिष्ठा में ऐसे तत्व हैं जो रक्त में शर्करा के स्तर को कम करते हैं। इस दवा को सीएसआईआर ने गहन शोध के बाद तैयार किया जिसका उत्पादन एमिल फार्मास्युटिकल्स कर रही है। एमिल फार्मास्युटिकल्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. संचित शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार मधुमेह रोगियों को आजीवन दवाओं के सहारे रहना पड़ता है।

दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत

कुंडली थाना पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदता में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित इरशाद निवासी पलवल का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव खेड़ी मनाजात ने गत 30 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसने अपनी मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया था। किसी ने उसे चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी अशोक ने बताया कि वारदात में शामिल दो आरोपितों को पहले काबू कर लिया था।

पंचायती चुनाव की रंजिश के चलते घर के अंदर घुसकर दंपति से मारपीट करने कार क्षतिग्रस्त करने का आरोप

पीड़ित के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव जाटी खुर्द में पंचायती चुनाव की रंजिश रखते हुए घर में घुसकर दंपति से मारपीट कर घायल करने व कार को क्षतिग्रस्त करने के आरोप का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल युवक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों को नामजद करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपित भूमिगत है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

गांव जाटी खुर्द निवासी मुन्ना मिश्रा ने बताया कि वह अपने घर पर बच्चों व पत्नी के साथ सोया हुआ था। उसी दौरान जगवीर व दो अन्य लड़के उसके घर के दरवाजे को खोलने की कहने लगे। उसने दरवाजा खोला तो चारों घर के अंदर घुस आए। हाथ में लिए डंडों से उसे व उसकी पत्नी को पीटना शुरू कर दिया। उसके बाद घर में कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। उसने जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे।

जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी धर्मेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वारदात के बाद से आरोपित भूमिगत हो गए है। उनकी तलाश के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही है।

लेखन प्रतियोगिता में जुआं की लाडली ने जीता दस लाख रुपये ईनाम

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत

पंजाब के धुर्री में आयोजित ओपन लेखन प्रतियोगिता में जुआं गांव की बेटी ने दस लाख रुपये का नकद ईनाम जीतकर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता का आयोजन गत 31 अक्टूबर को पंजाब के धुर्री में हुआ था। बृहस्पतिवार को गांव में पहुंची नेहा को ग्रामीणों ने फूल व नोटों की मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। नेहा गांव स्थित दीक्षा पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा है। बेटी के नकद ईनाम जीतने पर परिजनों व ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

गांव जुआं निवासी राजेश ने बताया कि उसकी बेटी नेहा गांव स्थित दीक्षा पब्लिक स्कूल में पढ़ती है। उसने पंजाब में 31 अक्टूबर को हुई ओपन लेखन प्रतियोगिता के लिए आवेदन किया था। जिसमें वह पांचवें राउंड पूरा होने के बाद चुनी गई। ओपन प्रतियोगिता में पहले स्थान प्राप्त करने वाले आवेदक को दस लाख रुपये का ईनाम दिया गया है। बृहस्पतिवार को नेहा गांव में पहुंची। जहां ग्रामीणों ने गांव चिटाना से लेकर जुआं उसके घर तक फूल बरसाकर व नोटों की मालाएं पहनाकर उसका स्वागत किया। स्कूल प्रबंधक मास्टर प्रदीप ने बताया दीक्षा पब्लिक स्कूल, छात्रा, नेहा ने एक राष्ट्रीय स्तर के लेखन प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 10 लाख की आकर्षक नकद पुरस्कार जीता है। उसका समर्पण, मेहनत और अत्यधिक प्रतिभा ने न केवल उसके स्कूल को बल्कि पूरे प्रदेशवासियों को ग्रर्वित किया है। हम उसकी अत्यद्वितीय सफलता का जश्न मनाते हुए उसके भविष्य में और भी सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं देते है। इस दौरान मास्टर आजादा सिंह, पूर्व सरपंच विनोद, संजय, दलेल, सतबीर, अनुज व स्कूल स्टाफ सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप: एसडी पीजी कॉलेज के पांच कार्यकर्ताओं ने किया शानदार प्रदर्शन

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन

एसडी पीजी कॉलेज के पांच वाईआरसी कार्यकर्ताओं ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़ द्वारा हरिद्वार उत्तराखंड में आयोजित छः दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में शानदार प्रदर्शन किया और प्रकृति एवं पर्यावरण को नजदीक से महसूस कर इसे संरक्षित करने के गुण खुद में विकसित किये। सौरभ पाण्डेय, ललित, मोहम्मद जाहिद, गगन कुमार और अजय ने कॉलेज वाईआरसी का प्रतिनिधित्व करते हुए इस आवासीय कैंप में हिस्सा लिया। उनके साथ वाईआरसी काउंसलर ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कॉलेज पहुँचने पर सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, डॉ.राकेश गर्ग, डॉ. पवन कुमार, डॉ.बलजिंद्र सिंह, डॉ.मुकेश पुनिया, डॉ.एसके वर्मा, प्रो.मनोज कुमार और अन्य प्राध्यापकों ने किया। दिनेश गोयल प्रधान ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि इस प्रकार के कैंप के आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण के संरक्षण और सुरक्षा के प्रति सभी की चेतना को जागृत करना है।

YOUTH RED CROSS

सर्दी के साथ लौट रहा जुकाम

ये आसान घरेलू नुस्खे रखेंगे आपका ख्याल

क्या आप जानते हैं जुकाम की वजह बनने वाले कोल्ड वायरस करीब 200 किस्म के होते हैं।

सर्दी का मौसम आ गया है और इसमें सबसे ज्यादा जुकाम के मामले सामने आते हैं। इसमें लगातार छींकें आने की वजह से सिरदर्द और बदन दर्द बना रहता है। मानसून से लेकर सर्दी आने तक लोग इसके कई-कई बार शिकार होते हैं। क्या आप जानते हैं जुकाम की वजह बनने वाले कोल्ड वायरस करीब 200 किस्म के होते हैं।

अक्सर इससे निजात पाने के लिए लोग सामान्य दवाइयों का इस्तेमाल करते हैं। इस अवस्था में पहले 24 घंटे काफी निर्णायक होते हैं। क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के वायरलॉजिस्ट प्रोफेसर जॉन ऑक्सफोर्ड इसके शुरुआती स्टेज और इससे मुक्ति पाने के तरीकों के बारे में बताते हैं।

प्रोफेसर ऑक्सफोर्ड ने बताया कि जुकाम का कारण बनने वाले ये वायरस कभी भी और कहीं भी आपको घेर सकते हैं। आपको शायद अंदाजा नहीं होगा, लेकिन एक बार सांस लेने पर 10,000 से भी ज्यादा वायरस निमंत्रण दे सकते हैं, लेकिन इनमें से करीब 100 ही ऐसे वायरस होते हैं जो नाक और गले के एपीथेलियल सेल्स पर वार करते हैं। इनसे बचने के लिए आपको कई विशेष बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

ऐसे पाएं राहत

- विशेषज्ञों का दावा है कि शहद और नींबू का मिश्रण जुकाम में राहत देने में काफी मददगार है।
- कोई भी काम करने से पहले साबुन से अच्छी तरह हाथ धोएं। किसी भी पीड़ित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें।
- साल 2000 में हुई एयूरस स्टडी के मुताबिक, इस कंडीशन में चिकन सूप सबसे अच्छा खाद्य पदार्थ माना जाता है। ये जुकाम में जल्द से जल्द राहत देने में कारगर है।
- इस दौरान ऐसी चीजों का सेवन करें जो विटामिन सी युक्त हों। इसके साथ ही अगर आपके पार्टनर को जुकाम है तो उसके साथ बेड शेयर न करें।

सूखी खांसी से हैं परेशान तो शहद, अदरक और मुलेठी आएंगी आपके काम

- ○ खांसी की समस्या दूर करने के लिए शहद, अदरक और मुलेठी बहुत फायदेमंद होती है। इसका सेवन आपकी सूखी खांसी को जल्द से जल्द ठीक कर देता है। तो आइए आपको बताते हैं कि इन तीनों का कैसे सेवन करके खांसी की समस्या को दूर करें।
- ○ शहद और अदरक दोनों में औषधीय गुण होते हैं, जो इम्युनिटी बूस्ट करने में भी मदद करते हैं। इसके साथ ही अदरक में एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं जो खांसी ठीक करने में मदद करते हैं। इन तीनों चीजों का सेवन सिर्फ खांसी ही नहीं, बल्कि गले के लिए भी फायदेमंद होता है।
- ○ सूखी खांसी को दूर करने के लिए एक चम्मच शहद में थोड़ा सा अदरक का जूस मिला लें। उसके कुछ समय बाद मुंह में मुलेठी की छोटी सी डंडी रख लें। इससे आपका गला भी नहीं सूखेगा, इसके साथ ही सूखी खांसी से आराम भी मिलेगा।
- ○ इसका सेवन करने से खांसी के साथ आपका गला भी ठीक रहता है। आपको किसी भी तरह की गले से संबंधित समस्या नहीं होती है।

आंखों की रोशनी इस तरह बढ़ाएं

डाइट में शामिल करनी होंगी ये जीचें

आजकल समय से पहले लोगों की आंखों की रोशनी कमजोर होने लगी है, क्योंकि बदलती लाइफ स्टाइल के साथ ही हम सभी को कुछ घंटे मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन के सामने रहना होता है, लेकिन यदि हम अपने खान-पान पर थोड़ा सा ध्यान दें तो शायद इस समस्या को बढ़ने से रोका जा सकता है। जानें उन 4 चीजों के बारे में जिनके रोज खाने से आंखों की रोशनी दुरुस्त रहती है-

हरी सब्जियां

अपनी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियों में आयरन की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो आंखों के लिए बहुत ही जरूरी है।

गाजर

गाजर का जूस पीना सेहत के लिए तो अच्छा है ही साथ ही आंखों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। रोजाना एक गिलास गाजर का जूस पीने से आंखों पर चढ़ा चश्मा तक उतर सकता है।

बादाम का दूध

सप्ताह में कम से कम तीन बार बादाम का दूध पिएं। इसमें विटामिन ई होता है, जो कि आंखों में किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए फायदेमंद है।

अंडे

अंडे में अमीनो एसिड, प्रोटीन, सल्फर, लैक्टिन, ल्युटिन, सिस्टीन और विटामिन बी2 होता है। विटामिन बी सेल के कार्य करने में महत्वपूर्ण होता है।

मछली

मछली में हाई प्रोटीन होता है। मछली आंखों के अलावा बालों के लिए भी बहुत अच्छी होती है।

सोयाबीन

आप अगर नॉन वेज नहीं खाते, तो आप सोयाबीन खा सकते हैं, यह आपकी आंखों के लिए बहुत फायदेमंद है।

रेसिपी

उड़द दाल सब्जी

सामग्री

- उड़द दाल: 1 कप
- प्याज: 1 (बारीक कटा)
- हरी मिर्च: 1 (बारीक कटी)
- जीरा: 1 चम्मच
- हींग: 1/4 चम्मच
- हल्दी: 1/2 चम्मच
- धनिया पाउडर: 1/2 चम्मच
- गरम मसाला: 1/2 चम्मच
- पानी: 1/4 कप
- धनिया पत्ती: गार्निशिंग के लिए
- तेल या घी: आवश्यकता के अनुसार
- नमक: स्वाद के अनुसार।

विधि

उड़द दाल की सूखी सब्जी बनाने के लिए सबसे पहले उसे अच्छे से धो लेंगे। इसके बाद इसे 4-5 घंटे पानी में भिगोने के लिए रख दें। 4-5 घंटे बाद इसे प्रेशर कुकर में डालकर हल्का सा पानी डालें और 3 से 4 सीटी आने तक पका लें। अब एक पैन में घी या तेल गर्म करें। इसमें जीरा डालें फिर हींग, इसके बाद इसमें प्याज, अदरक-लहसुन पेस्ट, हरी मिर्च डालकर सुनहरा होने तक भुनें। फिर इसमें उड़द दाल, हल्दी, धनिया पाउडर, गरम मसाला, नमक डालें। अब इसे ढककर 3-4 मिनट पकाएं। गैस बंद कर दें। ऊपर से नींबू का रस और हरी धनिया डालकर रोटी-पराठे के साथ सर्व करें।

बैंगन करी

सामग्री

- सरसों के दाने: 1/4 टी स्पून
- हल्दी: 1/4 टीस्पून
- जीरा पाउडर: 1/4 टीस्पून
- जीरा पाउडर: 1 टीस्पून
- धनिया पाउडर: 1 टेबलस्पून
- लाल मिर्च पाउडर: 1 टेबलस्पून
- अदरक-लहसुन का पेस्ट: 1 टेबलस्पून
- तेल: 3 टेबलस्पून
- टमाटर: 100 ग्राम
- प्याज: 100 ग्राम
- बैंगन: 150 ग्राम
- आलू: 150 ग्राम
- बारीक कटा हरा धनिया
- नमक : स्वाद के अनुसार।

विधि

कुकर में तेल गर्म करें। अब उसमें प्याज, अदरक-लहसुन का पेस्ट, टमाटर, हल्दी, मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर और नमक डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं और ढक्कन बंद कर दें। अब 15-20 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। 4-5 सीटी आने दें। पैन में तेल गर्म कर सरसों के दाने डालें। थोड़ी देर बाद उसमें जीरा, नमक और बैंगन डालें। अच्छी तरह मिलाने के बाद ढक्कन लगाकर तीन मिनट पकने दें। पानी डालें। बैंगन को हल्का मुलायम होने दें। ग्रेवी मिला कर कुछ मिनट पकने दें। उबले आलू डालकर 5 मिनट पकाएं। गैस बंद करने के बाद कटा हुआ हरा धनिया डालें। गर्मागर्म बैंगन करी को रोटी और चावल के साथ सर्व करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष
चू चे चो ला ली लू ले लो अ

आपके पूर्वागत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

वृष
इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर होगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित होगा। शुभांक-3-4-5

मिथुन
का की कू घ ङ छ के को ह

पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

कर्क
ही हू हे हो डा डी डू डे डो

मितव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

सिंह
मा मी मू मे मो टा टी टू टे

निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

कन्या
टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

तुला
रा री रु रे रो ता ती तू ते

ज्ञानीजनों का सान्निध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। घर-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

वृश्चिक
तो ना नी नू ने नो य यी यू

विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

धनु
ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

मकर
भो जा जी खी खू खे खो गा गी

ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

कुंभ
गू गे गो सा सी सू से सो दा

हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर चर्चा होगी। शुभांक-3-4-6

मीन
दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

काकुरो पहेली - 2635



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 2634 का हल



हंसी के फूव्वारें

एक बूढ़ा समाज सुधारक जेल में बंद युवक चोर को देखकर बोला- 'बेटे! तुम किसी बात की परवाह मत करो. जेल से बाहर निकलोगे तो मैं तुम्हारा पथ-प्रदर्शन करूंगा.'

'ठीक कहते हैं आप !' युवक चोर धीरे से बोला- 'दरअसल मुझसे भूल हो गई थी जो आप जैसे बुजुर्गों के पथ-प्रदर्शन के बिना ही इस रोजगार में लग गया.'

□ □ □

एक डाक्टर के पास एक वकील बैठा हुआ था. तभी एक औरत ने आकर डाक्टर से कोई सलाह ली और चली गई. उसके जाने के बाद डाक्टर ने वकील से पूछा- 'क्या मुझे इससे कुछ लेना चाहिये ?'

'क्यों नहीं !' वकील बोला- 'आखिर तुमने उसे अपनी व्यापारिक सेवाएं प्रदान की हैं.'

'मैं ऐसा ही करूंगा !' डाक्टर बोला. वकील चला गया. फिर अगले दिन डाक्टर जैसे ही बिल बनाने के लिये मेज पर पहुँचा, उसकी नजर एक बिल पर पड़ी. लिखा था- 'कानूनी सेवाओं की फीस तीस रुपये.' नीचे वकील का नाम और पता लिखा हुआ था.

□ □ □

महिला- 'सुना है आप के सिर में गोबर भरा है.'

आदमी- 'जी हाँ पर क्यों ?'

महिला- 'जी मुझे गोबर गैस कनेक्शन लेना है.'

फिल्म वर्ग पहेली- 2635



बायें से दायें:-

१. हिमी मालिया, विपाशा बसु की 'अब दिल पुकारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ हवा ने कहा' गीत वाली धर्मेन्द्र, रेखा की फिल्म-३
५. सलमान, नगमा की 'चांदनी रात है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'टूट गई तड़क करके' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
८. अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की 'दिल बेचैन सा' गीत वाली फिल्म-२,२
९. 'चौदवीं रूप की' गीत वाली संजयदत्त, सलमान खान, रवीना की फिल्म-२
१०. डैनी, विनोद मेहरा, मौसमी की 'संसार है एक' गीत वाली फिल्म-३
११. 'गाड़ी बुला रही है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा की फिल्म-२
१३. जीतेन्द्र, रामेश्वरी की 'काहे चिड़िया लगाई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'वो लड़की बहुत' गीत वाली अजय देवगन, नेहा धूपिया की फिल्म-४
२०. बॉबी, अक्षय खन्ना, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'मुझे सावन के' गीत वाली अनिल, जैकी, मनीषा, माधुरी की फिल्म-२
२२. सनी, सुनील, मेलिसा की 'प्यार होने लगा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल की फिल्म-२
२७. फरदीन खान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२९. फिल्म 'एलओसी' में अजय देवगन के साथ किस की जोड़ी है-२
३०. 'सोल्जर' में प्रीति का नायक 7-२
३१. 'मेरे दिल का पता' गीत वाली राहुल राय, दीपक, पूजा की फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२. अनिल धवन, नीतूसिंह की 'अपने दिल में जगह' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं निकला' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
४. करण दीवान, वैजयंती की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली शाहरुख, काजोल, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-४
६. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'बांसुरी बजाए के' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मिलने से पहले' गीत वाली शरद कपूर, मुकुल आनंद, सुष्मिता की फिल्म-३
१२. विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'एक दो ने बैरी' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
१६. रितिक, करीना की 'ए री ये री क्या है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आपका चेहरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, सोनू, पल्लवी की फिल्म-४
१८. गोविंदा, ऋषिकपूर, नीलम, मीनाक्षी की 'तेरे डैडी ने दिया' गीत वाली फिल्म-३
१९. शाहरुख, सैफ, प्रीति जिंटा की 'कुछ तो हुआ है' गीत वाली फिल्म-२,१,२,१
२३. अमिताभ, सलमान, हेमा की 'चली चली फिर चली' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'इशारा हो गई' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 2634



सूडोकु -2635

8	2			6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2634 का हल

8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5

शब्द पहेली - 2635



बाईं से दाईं

1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कलश-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.घी,पिता-2
34.नाखून-2
36.पहने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नासिका-3
45.नर का विलोम-2
47.उल्लेख-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.बाग,चमन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

ऊपर से नीचे

1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.माँ का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.धूप,तेल-2
16.अनुकृति-3
18.नशा,खुमार-2
20.माँ,मदर-2
21.प्राणप्रिय-2
23.धरा तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टोंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.पापी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कुछ-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.चौड़ा-2
65.गर्भनाड़ी-2

शब्द पहेली - 2634 का हल



विराट कोहली को आउट कर दूंगा World Cup 2023 का सबसे अच्छा गिफ्ट : आर्यन दत्त

बेंगलुरु । नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त 2023 विश्व कप में भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली को आउट करने का सपना देख रहे हैं। भारत और नीदरलैंड के बीच 12 नवंबर को बेंगलुरु में मुकाबला होना है जिसके लिए आर्यन तैयारी कर रहे हैं। दत्त ने इस विश्व कप में प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 6 मैचों में पांच रन प्रति ओवर से कम की इकॉनमी रेट के साथ 8 विकेट लिए हैं। हाल ही में 31 अक्टूबर को एक साक्षात्कार में दत्त ने 1992 विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए दीपक पटेल द्वारा निभाई गई भूमिका की तुलना की। उन्होंने कहा कि मैं हर विकेट को महत्व देता हूं, लेकिन कोहली को आउट करना इस विश्व कप में सबसे अच्छा उपहार होगा। मैं अपनी तुलना दीपक पटेल से नहीं करता, लेकिन मैं भारतीय पिचों पर गेंदबाजी करने का आनंद ले रहा हूं। उनके पास एक अनोखा एहसास है, जो विविधता पर निर्भर स्पिनरों को फायदा पहुंचाता है।

आर्यन ने कहा कि मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा है और मैं उन बल्लेबाजों के बारे में चिंता नहीं करता जिनके खिलाफ मैं हूं। मेरा लक्ष्य लगातार सही लेंथ पर गेंद डालना और बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए अपनी गति और टर्न का उपयोग करना है। अपनी किफायती गेंदबाजी के अलावा, आर्यन दत्त ने निचले क्रम में बहुमूल्य रनों का भी योगदान दिया है, जिससे नीदरलैंड को दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ जीत में मदद मिली है। वर्तमान में नीदरलैंड 6 मैचों में 2 जीत के साथ आठवें स्थान पर है।

क्विंटन डी कॉक का विश्व कप में चौथा शतक, यह बड़े रिकॉर्ड भी कर गए अपने नाम

मुंबई । दक्षिण अफ्रीका के ओपनर क्विंटन डी कॉक अपने आखिरी क्रिकेट विश्व कप 2023 को यादगार बनाने में जोर लगा रहे हैं। बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ क्रिकेट विश्व कप 2023 के तहत खेले गए मैच में उन्होंने शतक लगा दिया। यह विश्व कप में उनका चौथा शतक है। वह श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के खिलाफ भी शतक जड़ चुके हैं। ऐसा कर उन्होंने कुमार संगाकारा का एक विश्व कप में 4 शतक लगाने का रिकॉर्ड बराबर कर लिया। संगाकारा ने यह रिकॉर्ड 2015 विश्व कप के दौरान बनाया था।

हर्शल गिब्स का रिकॉर्ड किया बराबर

बहरहाल, क्विंटन डी कॉक का यह वनडे फॉर्मेट में 21 शतक रहा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के ही हर्शल गिब्स की बराबरी कर ली है जिन्होंने 248 मैचों में यह कारनामा कर दिखाया था। डी कॉक की खासियत यह रही है कि वह 21 शतक तक महज 152 पारियों में ही पहुंच गए। इस लिस्ट में अभी हाशिम आमला पहले नंबर पर हैं जिन्होंने 181 मैचों में 27 शतक लगाए हैं। दूसरे नंबर पर एबी डीविलियर्स हैं जिन्होंने 223 मुकाबलों में 25 शतक लगाए हैं।

विश्व कप 2023 के टॉप स्कोरर

क्विंटन डी कॉक : 7 मैच, 531 रन (शतक तक)
डेविड वॉर्नर : 6 मैच, 413 रन
रचिन रविंद्र : 7 मैच, 406 रन
रोहित शर्मा : 6 मैच, 398 रन
मोहम्मद रिजवान : 7 मैच, 359 रन

राष्ट्रीय खेलों में 14 साल की धीनिधि ने जीता चौथा स्वर्ण, साजन प्रकाश ने जीता सोना

पणजी। कर्नाटक की 14 साल की तैराक धीनिधि देसिंघु ने पणजी राष्ट्रीय खेलों में चार गुणा 200 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। यह उनका राष्ट्रीय खेलों 2023 में चौथा स्वर्ण पदक है। ओलंपियन साजन प्रकाश ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ 200 मीटर बटरफ्लाई में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण जीता। उन्होंने दूसरा स्वर्ण जीता और 1:59.38 सेकंड का समय निकाला। सर्विसेज के एसपी लिकिथ ने पुरुषों के 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में 28.71 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण अपने नाम किया। वहीं, पंजाब की चाहत अरोड़ा (34.09 सेकंड) ने महिलाओं की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक का खिताब कायम रखा। कर्नाटक की चार गुणा 200 मीटर पुरुष और महिला टीमों ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीते।

वहीं, हिमाचल प्रदेश की एथलीट सीमा ने 5,000 मीटर में स्वर्ण अपने नाम किया। उन्होंने इसके अलावा 10,000 मीटर में भी सोना जीता। उत्तराखंड के अंकित कुमार ने 10,000 मीटर में स्वर्ण हासिल किया।

विश्व कप : चोटों से परेशान हुई न्यूजीलैंड की टीम, विलियमसन-चैपमैन के बाद मैट हैनरी भी चोटिल

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की चोटों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को पुणे में खेले गए मैच के दौरान टीम के शीर्ष तेज गेंदबाज मैट हेनरी को हैमस्ट्रिंग की चोट लग गई है, न्यूजीलैंड को इस मैच में 190 रन से हार का सामना करना पड़ा। हेनरी अपने छठे ओवर के दौरान दाहिनी हैमस्ट्रिंग में जकड़न का अनुभव करने के बाद बीच में ही हट गए और टीम फिजियो के साथ मैदान पर एक संक्षिप्त परामर्श के बाद, मैदान से बाहर चले गए और फिर मैदान पर नहीं आए। हालांकि, वह 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आये और नौ गेंदों का सामना किया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार, हेनरी की चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए अगले 24 घंटों में एमआरआई स्कैन कराया जाएगा। वहीं, जेम्स नीशम, जिन्होंने हेनरी का ओवर पूरा किया और पांच ओवर और गेंदबाजी की, के दाहिने कलाई में गेंद से चोट लग गई, हालांकि एक्स-रे से पता चला कि उनकी कोई भी हड्डी टूटी हुई है, लेकिन चोट के कारण उन्हें बल्लेबाजी क्रम में 9वें नंबर पर

खिसकना पड़ा, जहां से उन्होंने आठ गेंदें खेलीं और बिना कोई रन बनाए आउट हुए।पुणे में अपने खेल के दौरान न्यूजीलैंड के पास वास्तव में 11 फिट टीम के सदस्य ही बचे थे। मार्क चैपमैन (पिंडली की चोट) और केन विलियमसन (अंगूठे की चोट) पहले ही चोट के कारण बाहर बैठे हैं। लॉकी फर्ग्युसन, जिनके स्थान पर एकादश में टिम साउदी को शामिल किया गया था, ने भी अपने दाहिने अकिलीज़ का स्कैन कराया, लेकिन इससे कोई महत्वपूर्ण क्षति नहीं हुई और उम्मीद है कि वह ब्लैक कैप्स के अगले गेम के लिए उपलब्ध होंगे।न्यूजीलैंड 4 नवंबर को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने अगले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगा।

आप मेरे सामने कुछ भी नहीं हैं... सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में रियान पराग का ईशारा वायरल

मुंबई। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गजब फॉर्म में चल रहे असम के कप्तान रियान पराग का आखिरकार सब्र टूट ही गया। 31 अक्टूबर को बंगाल के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उन्होंने जैसे ही लगातार अपना सातवां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने डगआउट की ओर ऐसा ईशारा किया जिसको लेकर वह निंदा झेल रहे हैं।

पराग ने मैच में 31 गेंदों पर 2 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 50* रन बनाए थे जिस कारण असम को 8 विकेट से जीत मिली थी।

रियान ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मौजूदा सेशन में 61 (34), 76 (37), 53 (29), 76 (39), 72 (37), 57 (33) और 50 (31) की पारियां खेली हैं। वह टी20 क्रिकेट में लगातार सर्वाधिक अर्धशतकों के वीरेंद्र सहवाग और डेविड वार्नर (5) के रिकॉर्ड को पहले ही तोड़ चुके हैं। देखें सूची-

ट्वेंटी 20 में लगातार अर्धशतक

रियान पराग- 7
वीरेंद्र सहवाग- 5

डेविड वार्नर- 5
डेवोन कॉनवे- 5
हैमिल्टन मसकाद्जा -5
कामरान अकमल-5
जोस बटलर-5

बहरहाल, पराग ने बंगाल के खिलाफ मुकाबले में अनोखा जश्न मनाया। उनके जश्न से ऐसा लग रहा था जैसे वह युवा खिलाड़ी या प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को संदेश भेज रहा हो। जैसे- आप मेरे सामने कुछ भी नहीं हैं और मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। रियान की वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई।

शियाई शूटिंग चैम्पियनशिप: भारत के 22 पदकों ने पेरिस ओलंपिक के लिए तैयार किया एक बेहतरीन मंच

नई दिल्ली। मनु भाकर पहली भारतीय निशानेबाज बनीं जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया और फिर पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान भी पक्का किया, जबकि 15 वर्षीय तिलोत्तमा सेन ने विश्व चैंपियनशिप में मिली निराशा को पीछे छोड़ते हुए एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारत की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कोटा हासिल किया। एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारत ने 22 पदक जीते और छह पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता का प्राथमिक उद्देश्य अगले साल के पेरिस ओलंपिक के लिए ओलंपिक कोटा स्थान जीतना था और उस मोर्चे पर भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। इन छह कोटा को मिलाकर अगले साल के खेलों के लिए भारत के पास अब 13 स्थान सुरक्षित हैं, जीते गए कोटा की संख्या में भारत केवल चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका से पीछे हैं और दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। बता दें कि कोटा देश को जाता है, निशानेबाज को नहीं, इसलिए पेरिस में वास्तव में कौन पहुंचेगा, इसका फैसला अगले साल चयन परीक्षणों में किया जाएगा। ये कोटा न केवल जीते गए पदकों पर निर्भर करते हैं, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करते हैं कि भारतीय कुछ विषयों में कहां समाप्त हुए और उनसे आगे कितने निशानेबाज उन देशों के थे जिन्होंने पहले से ही उपलब्ध अधिकतम दो कोटा हासिल कर लिए थे। उदाहरण के लिए, चीन ने विश्व चैम्पियनशिप के साथ ओलंपिक योग्यता शुरू होने पर अपने अधिकांश संभावित कोटा सील कर दिए थे। इससे भारतीयों के लिए आराम पाने का मौका खुल गया और निशानेबाजी में भारत की गहराई यहां अच्छे काम में आई।

भारत ने उन निशानेबाजों को मैदान में न उतारकर अपनी संख्या में सुधार किया जो पहले ही पेरिस कोटा जीत चुके थे; जिन लोगों ने चांगवोन में भाग लिया, वे हाल के एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप में मैदान में उतारी गई ए टीम का हिस्सा नहीं थे। और, अगले साल अभी भी कई क्वालिफिकेशन इवेंट आने बाकी हैं, ऐसी संभावना है कि भारत पेरिस 2024 में पहले की तुलना में बहुत अधिक संख्या में निशानेबाजों को मैदान में उतारेगा।

मनु भाकर अब तक एकमात्र निशानेबाज हैं जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया और पेरिस कोटा भी हासिल किया। टोक्यो में पराजय के बाद से अधिकांश निशानेबाजों के नतीजे खराब रहे हैं, लेकिन भाकर (21) ने लगातार भारतीय टीम में जगह बनाई है।

फीफा विश्व कप 2034 की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा सऊदी अरब

जेनेवा। सऊदी अरब ने 2034 फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी में रुचि दिखाई है, फीफा ने इसकी पुष्टि की। विश्व फुटबॉल शासी निकाय को 2030 फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए मोरक्को, पुर्तगाल, स्पेन और उरुग्वे से भी रुचि की पुष्टि मिली है। फीफा ने घोषणा की कि इस पहले चरण के बाद फीफा विश्व कप के दोनों संस्करणों के लिए पूरी तरह से बोली प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसमें मेजबानों की नियुक्ति 2024 में फीफा कांग्रेस में एकत्र हुए सदस्य संघों द्वारा की जाएगी। मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित करने से पहले फीफा बोलीदाताओं के साथ बातचीत शुरू करेगा। फीफा कांग्रेस रिपोर्टों पर चर्चा करेगी।

90 मीटर का लक्ष्य हासिल करने के लिए तकनीक पर काम करेंगे नीरज चोपड़ा

मुंबई । ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा नेसाफ तौर पर कहा कि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बाकी है। नीरज का मानना है कि वह अपनी तकनीक में सुधार करके वह अगले साल 90 मीटर की बाधा पार कर सकते हैं। इस साल विश्व चैंपियन बने चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने हाल ही में हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता।नीरज ने एक कार्यक्रम में कहा,मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बाकी है । मुझे लंबे समय तक किसी प्रतिस्पर्धा में यह महसूस नहीं हुआ कि यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है या उसके आसपास है। छह सेंटीमीटर हासिल किया जा सकता है। स्टॉकहोम डायमंड लीग (जून 2022) में 89.94 मीटर का थ्रो फेंका था। उस समय मैं एक लाइन पीछे था। अगर थोड़ा आगे बढ़कर थ्रो फेंकता तो 90 मीटर जाता।

शाहीन अफरीदी वनडे रैंकिंग में बने नंबर 1, बतौर तेज गेंदबाज सबसे तेज 100 विकेट लेने का मिला फायदा

नई दिल्ली । पाकिस्तान के इन-फॉर्म तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी 7 पायदान ऊपर चढ़कर नवीनतम आईसीसी रैंकिंग के अनुसार प्रारूप में नंबर 1 वनडे गेंदबाज बन गए हैं। जारी किया गया। अफरीदी ने अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पछाड़ दिया। भारत के मोहम्मद सिराज (तीसरे) और दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज (चौथे) को एक स्थान का नुकसान हुआ है, भारत के कुलदीप यादव (सातवें) और बांग्लादेश के मुजीब उर रहमान (आठवें)

दोनों की स्पिन जोड़ी शीर्ष 10 में दो स्थान के फायदे के साथ है। अफरीदी वर्तमान में एडम जाम्पा के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, दोनों ने 16 विकेट लिए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 21 रन देकर 3 विकेट लेने के उनके प्रदर्शन ने उन्हें 51 पारियों में 100 एकदिवसीय विकेट के ऐतिहासिक आंकड़े तक पहुंचाया, जिससे वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले तीसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गए। उन्होंने मिशेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 53 मुकाबलों में 100 विकेट लिए थे। भारत के लिए मोहम्मद शमी 56 वनडे में 100 विकेट लेने वाले सबसे तेज प्लेयर हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ग्रुप मैचों में नहीं खेल पाएंगे चोटिल हार्दिक पांड्या

नई दिल्ली। भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या विश्व कप में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो और मैचों में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह बांग्लादेश के खिलाफ टखने की चोट से उबर रहे हैं। पांड्या ने 19 अक्टूबर के बाद से कोई मैच नहीं खेला है।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को प्री-मैच कांफ्रेंस में कहा, 'चोट के बाद वह जिस भी प्रक्रिया से गुजरे, वह बहुत सकारात्मक थी। वह स्पष्ट रूप से श्रीलंका के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं है। लेकिन यह ऐसी चोट है कि हमें हर दिन देखना होगा कि वह कितना प्रतिशत ठीक हो गया है, वह कितनी गेंदबाजी कर रहा है, कितनी बल्लेबाजी कर रहा है। इसलिए हम उन पर हर दिन नजर रख रहे हैं। जिस तरह से यह चल रहा है, उम्मीद है कि हम उसे जल्द से जल्द देख पाएंगे। अभी मैं बस इतना ही कह सकता हूं।

पांड्या बांग्लादेश के खिलाफ उस समय घायल हो गए जब फॉलो-थ्रू में एक शॉट को रोकने की कोशिश करते समय उनका बायां टखना मुड़ गया। उन्होंने उस मैच में आगे कोई भूमिका नहीं निभाई और उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया। चोट के कारण पांड्या धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के अगले मैच से बाहर हो गए, और हालांकि इस ऑलराउंडर

के इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर के मैच के लिए सीधे लखनऊ में टीम में शामिल होने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें उस मैच से भी बाहर बैठना पड़ा।

पांड्या तब से बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में पुनर्वास के दौर से गुजर रहे हैं और उम्मीद है कि उन्हें ठीक होने में काफी समय लगेगा। उनके हरफनमौला कौशल की भरपाई के लिए, भारत ने सूर्यकुमार यादव को खिलाया और न्यूजीलैंड के खिलाफ शार्दुल ठाकुर की जगह मोहम्मद शमी को मौका दिया। सूर्यकुमार 2 रन पर रन आउट हो गए, लेकिन इस विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहे शमी ने पांच विकेट लेकर भारत को न्यूजीलैंड को 300 से कम पर रोकने में मदद की। भारत फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है और 6 मैचों में छह जीत के साथ टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के लिए कोलकाता जाने से पहले उन्हें 2 नवंबर को मुंबई में श्रीलंका से खेलना है। इसके बाद भारत बेंगलुरु में नीदरलैंड्स से भिड़कर लीग चरण का समापन करेगा।

गोल्फ कार्ट से गिरे ग्लेन मैक्सवेल, इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे

अहमदाबाद । आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल गोल्फ कार्ट से गिरकर चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ 4 नवंबर को विश्व कप का लीग मैच नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने बताया कि मैक्सवेल गोल्फ कार्ट पर बैठे थे जब वह गिरे।

आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू डोनाल्ड ने कहा कि क्लब हाउस से टीम बस की ओर लौटते समय ग्लेन मैक्सवेल कार्ट के पीछे से उतरने के दौरान चोटिल हो गया।

उसे सिर में चोट (कनकशन) लगी है। उसे कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरना होगा और वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सकेगा। वह आस्ट्रेलिया के स्पिन आक्रमण का दारोमदार एडम जाम्पा के

साथ संभालते हैं। इसके अलावा मध्यक्रम के अहम बल्लेबाज भी है जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ दिल्ली में सिर्फ 40 गेंद में विश्व कप के इतिहास का सबसे तेज शतक बनाया था। मैक्सवेल को इससे पहले मेलबर्न में नवंबर में एक बर्थडे पार्टी के दौरान भी दुर्घटना में पैर में फ्रेक्चर हो गया था। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बीच एक सप्ताह का ब्रेक होने के कारण खिलाड़ी गोल्फ का मजा ले रहे थे। पिछले साल इंग्लैंड के विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो भी गोल्फ खेलते हुए गिर गए थे और टी20 विश्व कप नहीं खेल पाए थे जो इंग्लैंड ने जीता था। कोच ने कहा कि उनके विकल्प की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि विकल्प की कोई जरूरत नहीं है। वह 6 से 8 दिन कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरेगा इसलिए इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएगा। हमारे पास दूसरे खिलाड़ी उपलब्ध हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एशियाई पैरा खेलों के दल से की मुलाकात, भारत ने इस बार जीते 111 पदक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश बदलाव की बयार देख रहा है और उनकी एथलीट-केंद्रित सरकार खिलाड़ियों के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर कर रही है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हांगझोऊ पैरा एशियाई खेलो में पदक जीतकर लौटे भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान कहा कि उनकी सरकार एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'आज हम देश में बदलाव की बयार देख रहे हैं। पहले जब कोई खेल को अपनाता था तो लोग इसे जीवन का एक तय हिस्सा नहीं मानते थे। लेकिन अब चीजें बदल रही हैं। आप लोग भारत के बाहर थे और चीन में खेल रहे थे। आपको पता नहीं होगा कि मैं भी आपके साथ था। मैं हर पल आपकी हर गतिविधि को, आपके प्रयासों को आपके विश्वास को मैं यहां बैठकर जी रहा था। आप सभी ने जिस तरह देश का मान बढ़ाया है वो वाकई ही शानदार है।' मोदी ने कहा, 'खेल हमेशा से प्रतिस्पर्धी होते हैं। आप हर खेल में एक-दूसरे से मुकाबला करते हैं। एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देते हैं। मैं जानता हूं कि एक मुकाबला आपके अंदर भी चलता है और आप खुद से भी प्रतिस्पर्धा करते हैं। आपको स्वयं से भी लड़ना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'सोना जितना तपता है, उतना ही निखरता है, उतना ही खरा उतरता है। उसी तरह आप तप करके खरे उतरे हैं। यहां जो खिलाड़ी चुने गए वो वहां से जीतकर आए तो कोई सीखकर आया। आपमें से एक भी हारकर नहीं आया। खेल में दो ही चीज होती हैं या तो जीतना या सीखना, हारना होता ही नहीं है। मोदी ने 2030 युवा ओलंपिक खेलो और 2036 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक को भारत में लाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा, 'देश ने हमेशा अच्छे एथलीट पैदा किए हैं, लेकिन शुरुआती वित्तीय सहायता की कमी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की राह में एक बड़ी बाधा बनकर आई। वह पुरानी सोच बदल गई है। आज व्यक्तिगत एथलीट पर 4-5 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जब क्षमता को सही मंच मिलता है, तभी प्रदर्शन सुनिश्चित होता है।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

FOR BOOKING CONTACT WADHWA ELECTRIC & TENT HOUSE
GRAND Opening
THE PALACE GREENS
MOTEL & RESORT
Ravi Wadhwa
FOR BOOKINGS : +91-9811295217 / 9891060644

फास्ट न्यूज

साइबर ठगों ने युवती से ठगे ढाई लाख

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद

फरीदाबाद में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में अपना सहयोग दे चुकी 23 वर्षीय युवती से ढाई लाख की ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं आईटी की पढ़ाई पूरी कर चुकी युवती को साइबर ठगों ने 17 दिनों तक घर में ही डिजिटल अरेस्ट करके रखा। शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद की रहने वाली अनन्या मंगला ने साइबर क्राइम थाने में गुरुवार को शिकायत दी कि 12 अक्टूबर को उसके पास एक कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को लखनऊ कस्टम विभाग का अधिकारी बताया। उसने कहा कि एक पार्सल कंबोडिया भेजा जा रहा है, जिसमें काफी संख्या में पासपोर्ट और अन्य कार्ड है, यह पार्सल आपके आधार नंबर से लिंक है, इसके लिए आपको आज ही एफआई करानी पडेगी, वरना आपको लखनऊ कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। इसके बाद उन्होंने अनन्या को स्काइप ऐप पर आने को कहा। उसके बाद बोला कि अब हम आपको पुलिस अधिकारियों से जोड़ रहे है, जिसके बाद अनन्या के स्काइप पर पुलिस थाने का बैकग्राउंड दिखाई देने लगा। उरागें पुलिस की वर्दी पहने लोग दिखाई दिए, इसके बाद पुलिस अधिकारी ने अनन्या से कहा कि हम आपका आधार कार्ड अपने सेंटर में चेक करते है, फिर कुछ देर बाद उसने कहा कि आपके खिलाफ तो पहले ही एक एफआईआर दर्ज है, जिसमें एक बैंक के अधिकारी का नाम लेते हुए कहा कि आप उससे एसोसिएटिड है, उसके खिलाफ ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इस दौरान आपको स्काइप बंद नहीं करना होगा, हम आपकी आवाज सुनते रहेंगे। दरअसल अनन्या अपनी आगे की पढ़ाई के लिए विदेश जा रही थी,

'यूपी में घूम रहा विकास का पहिया'

दिसंबर तक सवा करोड़ परिवारों को मिल जाएगा प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का लाभ

विकास कार्य

8 अब उत्तर प्रदेश में बेटी की शादी के लिए किसी पिता को कर्ज नहीं लेना पड़ता है, सामूहिक विवाह योजना बेटियों की शादी का सशक्त माध्यम बना

टीम एक्शन इंडिया/हरदोई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिसंबर तक सवा करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का लाभ मिल जाएगा। इस योजना के अंतर्गत हमारी सरकार अब तक प्रदेश में 75 लाख परिवारों को मालिकान हक उपलब्ध करवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में बेटी की शादी के लिए किसी पिता को कर्ज नहीं लेना पड़ता है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बेटियों की शादी का सशक्त माध्यम बनी है। इसके तहत अब तक 3 लाख बेटियों की शादी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत हमारी सरकार 29 लाख महिलाओं को 12 हजार रुपये सालाना उपलब्ध करा रही है।

आधी आबादी को केंद्र में रखकर बनाई जा रहीं योजनाएं: सीएम योगी ने गुरुवार को हरदोई में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आधी आबादी को सम्मान दिए बिना कोई भी समाज सशक्त नहीं हो सकता है और न ही कोई देश समर्थ हो सकता है। इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत करीब से समझा है। यही वजह है कि आजादी के बाद पहली बार 2014 में भारत की राजनीति के एजेंड में महिलाएं शामिल हुईं। आज देश की आधी आबादी को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए लगातार कार्य कर रही है।

'बेटी की पढ़ाई से लेकर नौकरी और विवाह तक की व्यवस्था कर रही सरकार'

सीएम योगी ने कहा कि बेटा और बेटी के बीच भेद समाप्त करने के लिए डबल इंजन की सरकार लगातार कार्य कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत नये सत्र से 25 हजार रुपये देंगे। इसके लिए बजट की व्यवस्था कर दी गई है। अभी तक इस योजना का लाभ 17 लाख बेटियों को मिल रहा है। इसकी संख्या के हम और बढ़ाएंगे। अब बेटी के पढ़ाई से लेकर नौकरी और विवाह तक की व्यवस्था हमारी सरकार कर रही है।

सीएम ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन: कार्यक्रम में सीएम योगी ने 541 करोड़ रुपये की 217 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने ओडीओपी के तहत लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में शामिल कुछ बालिकाओं को लैपटॉप, टैबलेट और चेक वितरति किया। साथ ही सीएम ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को गैस कनेक्शन, चेक, आवास की चाबी और टूलकिट भी दिया।

'मनोहर सरकार की योजनाओं पर पहला हक गरीब का'

उपलब्धि

8 मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश में सुशासन कायम कर पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया

टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर

हरियाणा प्रदेश में भाजपा सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर गुरुवार को स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने करनाल रैली में शामिल होने जा रहे कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश में सुशासन कायम कर पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री का मानना है कि सरकार व सरकार की जनहित योजनाओं पर पहला हक गरीब का है। विगत 9 वर्षों में मुख्यमंत्री ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में ना तो कोई गरीब का हक छीन सकता है और ना ही कोई गलत तरीके से कोई अनुचित लाभ ले सकता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का मुख्य उद्देश्य है कि सबसे गरीब अंत्योदय परिवारों की आय को बढ़ाना। ये वे परिवार हैं, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय एक लाख रुपये से कम है। इस योजना की सबसे अनूठी विशेषता यह है कि यह पूर्ण रूप से परिवार के समग्र उत्थान पर केंद्रित है।

मकानों को तोड़े जाने के विरोध में किसान यूनियन ने बुलाई महापंचायत

टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज

भारतीय किसान यूनियन भारत के तत्वावधान में बड़ी संख्या में किसानों ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) का घेराव किया। सैकड़ों ट्रैक्टर और अन्य वाहनों पर सवार होकर किसान पत्थर गिरजाघर पर पहुंचे। यहां से हाथ में संगठन का झंडा लेकर पीडीए दफ्तर पहुंचे। यहां पर जमकर नारेबाजी की गई।

किसानों की मांग है कि महाकुंभ के मद्देनजर नैनी इलाके के अरैल में बड़ी संख्या में मकानों को तोड़ा जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहले न इसकी चर्चा हुई थी न ही नोटिस दिया गया था। अचानक सरकार तानाशाहीपूर्ण तरीके से मकानों को जमींदोज कर रही है। इससे हजारों परिवार बेघर हो रहे हैं। संगठन के यमुनापार प्रभारी सूरजपाल सिंह मौर्य ने कहा कि पीडीए मनमानी तरीके से मकानों को तोड़कर गरीबों, असहायों और किसानों को बेघर करने का कार्य कर रहा है।

एनआईए ने कोटा से पीएफआई से जुड़े दो संदिग्धों को लिया हिरासत में

टीम एक्शन इंडिया/जयपुर

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को टेरर लिंक का इनपुट मिलने के बाद कोटा में छापेमारी की है। एनआईए ने कोटा के कुन्हाड़ी और कैथून थाना क्षेत्र में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मौके से मोबाइल व उपकरण सहित कुछ संदिग्ध सामग्री जब्त की गई है। एनआईए की टीम ने कोटा शहर के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में बापू कॉलोनी में गुरुवार सुबह छापा मारा और यहां एक संदिग्ध वाजिद के घर की तलाशी ली। वाजिद जुडो कराटे की ट्रेनिंग देता है। पिता खुद की गाड़ी चलाते है। वाजिद तीन भाई है। वाजिद के परिवार से कोई जयपुर में कोचिंग भी चलाता था। दूसरी कार्रवाई ग्रामीण इलाके के कैथून थाना क्षेत्र में मवासा रोड पर हुई। यहां भी संदिग्ध मुबारक अली के घर की तलाशी लेकर पूछताछ की गई। मुबारक अली मंसूरी कोटा में सैलून (नाई) लगाता है। एनआईए की टीम पहले भी पीएफआई से जुड़े मामले में मुबारक अली से पूछताछ करने पहुंची थी। एनआईए टीम ने पूछताछ के लिए मुबारक अली व वाजिद को हिरासत में लिया। साथ ही कुछ संदिग्ध सामग्री भी जब्त की है।

सवा चार लाख करोड़ पहुंचा हरियाणा का कर्ज: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

साधा निशाना

8 नौ वर्षों में प्रदेश पर कर्ज का बोझ बढकर सवा चार लाख करोड़ पहुंच गया है: पूर्व सीएम हुड्डा

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा सरकार के नौ साल की उपलब्धियों के बखान करने पर बरसे। उन्होंने कहा है कि हरियाणा प्रदेश को इस समय डबल इंजन नहीं बल्कि नये इंजन वाली सरकार की जरूरत है। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, क्राइम और नशेबाजी में मौजूदा सरकार ने प्रदेश को नंबर-वन बना दिया है। नौ वर्षों में केंद्र के जिन नौ बड़े प्रोजेक्ट को सरकार अपनी उपलब्धि बता रही है, उनमें से आठ कांग्रेस के समय के हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। हुड्डा ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में केवल रेवाड़ी को नया एम्स मिला है, लेकिन वहां भी आज तक काम शुरू नहीं हो पाया है।

हुड्डा ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि नौ वर्षों में प्रदेश पर कर्ज का बोझ बढकर सवा चार लाख करोड़ पहुंच गया है।

MARUTi
nandan printers
8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go
THE PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT
Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

अधिसूचना तीन को नामांकन प्रपत्रों की ब्रिकी होगी, चार को प्रत्याशियों के नामांकन होगी

उत्तराखंड: छात्रसंघ चुनाव को पोस्टरबाजी के साथ प्रचार तेज

चुनावी हलचल

8 सात नवंबर को मतदान, मतगणना के बाद जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा यह स्पष्ट हो सकेगा

टीम एक्शन इंडिया/बागेश्वर

छात्रसंघ चुनाव को लेकर कॉलेज पोस्टरों से पट गए हैं। प्रत्याशी घोषित होने के बाद प्रचार में तेजी से होने लगा है। पंडित बद्री दत्त पांडे परिसर ने निर्वाचन अधिसूचना जारी कर दी है। जिसके साथ ही कैंपस पूरी चुनावी रंग में रंग गया है। उधर, गरुड़, कपकोट, कांडा और दुग नाकुरी महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्र संगठन विद्यार्थियां को रिझाने में जुट गए हैं। अलबत्ता सात नवंबर को मतदान, मतगणना के बाद जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा यह स्पष्ट हो सकेगा। बीडी पांडे कैंपस में 1500 छात्राएं और 1100 छात्र हैं। अभाविप और एनएसयूआई प्रत्याशियों में आमने-सामने की टक्कर होने की संभावना है। वहीं, अन्य डिग्री कॉलेजों में भी इसी तरह की स्थित रहने की संभावना है।

छात्रसंघ चुनाव में पूरी ताकत लगाएंगे राजनीतिक दल: कॉलेज चुनावों पर पार्टियों की नजर भी है। इसके बाद लोकसभा और निकाय चुनाव भी होने हैं। जिसके लिए बड़े दल भी छात्रसंघ चुनाव में पूरी ताकत लगाने की कोशिश करेंगे। कैंपस प्रभारी निदेशक डा. दीपा कुमारी ने बताया कि दो नवंबर को छात्रसंघ निर्वाचन अधिसूचना जारी हो गई है। तीन को नामांकन प्रपत्रों की ब्रिकी होगी। चार को प्रत्याशियों के नामांकन होगी।